www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

सोशल मीडिया पर भारत संवाद
https://x.com/BharatSamvad
www.facebook.com/bharatsamvad.in
www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n
E-Paper bharatsamvad.live


**मौसम**
अधिकतम तापमान 30.c
27.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**
सोना 98.755g
चांदी 107,000kg


2 बोझ के बजाय सुगमता बढ़ाएं कानून, पुराने नियम-कायदों को आसान और नए डिजिटल तरीके अपनाने होंगे

गुरुकुल में छात्र की मौत का मामला 04



वर्ष :09 | अंक :22 | मुंबई , रविवार , 13 जुलाई 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2 : 00 रुपए


**संक्षिप्त समाचार**

## बिहार के पटना में किराना दुकानदार की गोली मारकर हत्या

बिहार की राजधानी पटना के रामकृष्ण नगर में एक अज्ञात व्यक्ति ने किराना दुकान के मालिक की गोली मारकर हत्या कर दी।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने बताया कि घटना शुक्रवार शाम हुई और मृतक की पहचान विक्रम झा के रूप में हुई है।पुलिस अधीक्षक (पटना पूर्वी) परिचय कुमार ने संवाददाताओं से कहा, पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची और दुकानदार को नजदीकी अस्पताल ले गई जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।उन्होंने कहा कि हत्या के पीछे की सही वजह अभी पता नहीं चल पाई है तथा मामले की जांच जारी है। कुमार ने बताया कि शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और अपराधी की तलाश जारी है।

## भरतपुर में गैस टैंकर ने दंपति को कुचला

राजस्थान में भरतपुर के सारस चौक के पास एक गैस टैंकर की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार दंपति की मौके पर ही मौत हो गई।पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। सारस चौकी प्रभारी सहायक उपनिरीक्षक एएसआई राधा किशन के अनुसार, यह दर्दनाक हादसा सुबह हुआ।उन्होंने बताया कि हेलक गांव निवासी नेत्रपाल गुर्जर (36) और उनकी पत्नी कृपा (32) बाइक पर कहीं जा रहे थे, तभी जयपुर से आगरा जा रहे गैस टैंकर ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, इस घटना में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने बताया कि टैंकर चालक वाहन छोड़कर भाग गया।किशन ने बताया कि पेशे से किसान नेत्रपाल अपने बच्चों- बेटी निधि (19) एवं नेहा (18) और बेटे दुर्गेश (15), से मिलने भरतपुर गए थे।उन्होंने बताया कि ये बच्चे पढाई के लिए पुलिस लाइन इलाके में अपने मामा के घर रह रहे थे।पुलिस ने बताया कि टैंकर को जब्त कर लिया गया है और इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चालक का पता लगाने की कोशिश की जा रही है।

# देश दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर: प्रधानमंत्री मोदी


### पीएम मोदी ने 51 हजार नौजवानों को सौंपा नियुक्ति पत्र, बोले- हर व्यक्ति के पास आगे बढ़ने का अवसर

**रोजगार मेल**

▶▶मोदी ने कहा कि भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एक नई स्कीम को मंजूरी दी है - रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना। इस योजना के तहत सरकार प्राइवेट सेक्टर में पहली बार रोजगार पाने वाले युवा को 15 हजार रुपए देगी, यानी पहली नौकरी की पहली सैलरी में सरकार अपना योगदान देगी।

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए रोजगार मेले के 16वें संस्करण में विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त 51,000 से ज्यादा उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र वितरित किए। उन्होंने कहा कि रोजगार मेला युवा शक्ति को सशक्त बनाने और उन्हें विकसित भारत के निर्माण में उत्प्रेरक बनाने की हमारी सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है। नियुक्ति प्राप्त लोगों को संबोधित करते हुए, प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि मैं आप सभी को आपकी इस नई यात्रा के लिए बधाई देता हूँ। दुनिया अब मानती है कि भारत के पास दो शक्तियाँ हैं- जनसांख्यिकी और लोकतंत्र। मैं हाल ही में पाँच देशों की यात्रा से लौटा हूँ। हमने अन्य देशों के साथ जो भी समझौते किए हैं, उनसे हमारे युवाओं को निश्चित रूप से लाभ होगा। सूत्र एक- नागरिक प्रथम। आपको देश के लोगों की सेवा करने का बहुत बड़ा मंच मिला है। आप सभी को बधाई देता हूं। मोदी ने कहा कि भारत सरकार का जोर प्राइवेट सेक्टर में रोजगार के नए अवसरों के निर्माण पर भी है। हाल ही में सरकार ने एक नई स्कीम को मंजूरी दी है - रोजगार से जुड़ी प्रोत्साहन योजना। इस योजना के तहत सरकार प्राइवेट सेक्टर में पहली बार रोजगार पाने वाले युवा को 15 हजार रुपए देगी, यानी पहली नौकरी की पहली सैलरी में सरकार अपना योगदान देगी। इसके लिए सरकार ने करीब 1 लाख करोड़ रुपए का बजट बनाया है, इस योजना से लगभग 3.5 करोड़ रोजगार के निर्माण में मदद मिलेगी। आज भारत की एक बहुत बड़ी ताकत हमारा मैन्युफेक्चरिंग सेक्टर है।



**केंद्र सरकार में युवाओं को पक्की नौकरी देने का हमारा अभियान लगातार जारी है**

हमारी पहचान भी है बिना पर्ची बिना खर्ची। आज 51000 से अधिक युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए गए हैं। ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से अब तक लाखों नौजवानों को भारत सरकार में पक्की नौकरी मिल चुकी है। उन्होंने कहा कि आप सभी के विभाग अलग-अलग है लेकिन ध्येय एक है और हमारा एक ही ध्येय है चाहे विभाग कोई भी हो, कार्य कोई भी हो, पद कोई भी हो लेकिन एक ही ध्येय है जो कि राष्ट्र सेवा है।

**हमारा आदर्श वाक्य है 'बिना पर्ची, बिना खर्ची'**

रोजगार मेलों के माध्यम से लाखों युवाओं को रोजगार मिला है और वे राष्ट्र के विकास में योगदान दे रहे हैं. कुछ राष्ट्र की रक्षा करेंगे, कुछ 'सबकी मदद' के योद्धा बनेंगे, कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे और कई अन्य राष्ट्र के औद्योगिक विकास को बढ़ाएंगे. आपके विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन शरीर एक है - राष्ट्र की सेवा.'


# भारतीय न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत, मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई का बड़ा बयान

### भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही

> अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धत किया। इसके अलावा, प्रधान न्यायाधीश ने उत्तीर्ण स्नातकों को सलाह दी कि वे ईमानदारी के लिए मार्गदर्शकों की तलाश करें, न कि उनके प्रभाव के इस्तेमाल के लिए।

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधान न्यायाधीश बी.आर. गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है और मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। नालसार विधि विश्वविद्यालय, हैदराबाद में दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने छात्रों को सलाह दी कि वे छात्रवृत्ति पर विदेश जाकर अध्ययन करें और परिवार पर वित्तीय बोझ न डालें। उन्होंने कहा, हमारा देश और न्याय व्यवस्था अनोखी चुनौतियों का सामना कर रही है। मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहाँ विचाराधीन कैदी के रूप में वर्षों जेल में बिताने के बाद भी कोई निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएँ हमें उन समस्याओं का समाधान करने में मदद कर सकती हैं जिनका हम सामना कर रहे हैं। प्रधान न्यायाधीश ने इस संबंध में अमेरिका के वरिष्ठ संघीय जिला न्यायाधीश जेड एस राकॉफ का हवाला दिया। अमेरिकी न्यायाधीश ने अपनी पुस्तक क्यों निर्दोष दोषी ठहराए जाते हैं एवं दोषी मुक्त हो जाते हैं: और हमारी टूटी हुई कानूनी व्यवस्था के अन्य विरोधाभास में लिखा था, हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुँचा हूँ कि हमारी न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं पूरी तरह से आशावादी हूँ कि मेरे साथी (नागरिक) इस चुनौती का सामना करेंगे। अमेरिकी न्यायाधीश की इस टिप्पणी को प्रधान न्यायाधीश गवई ने उद्धत किया। इसके अलावा, प्रधान न्यायाधीश ने उत्तीर्ण स्नातकों को सलाह दी कि वे ईमानदारी के लिए मार्गदर्शकों की तलाश करें, न कि उनके प्रभाव के इस्तेमाल के लिए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी और उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा भी मौजूद थे।



# औरंगजेब का उद्देश्य सनातन को मिटाना था

### सीएम योगी बोले- गुरु तेग बहादुर ने दी थी चुनौती

> योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी यात्रा और 350 वर्षों के संपूर्ण इतिहास को जीवंत किया जा रहा है।

एजेंसी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरु तेग बहादुर जी के 350वें बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में मुख्यमंत्री आवास पर यात्रा के उद्घाटन कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसे नवंबर में मनाया जाएगा। इस दौरान सीएम ने एक कार्यक्रम को भी संबोधित किया। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गुरु तेग बहादुर महाराज ने सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दे दी। इस कार्यक्रम के माध्यम से उनकी यात्रा और 350 वर्षों के संपूर्ण इतिहास को जीवंत किया जा रहा है। योगी ने आगे कहा कि वह युग कैसा रहा होगा जब औरंगजेब जैसा क्रूर और बर्बर शासक था? उस काल में हर जगह अत्याचारों की खबरें आती थीं। औरंगजेब का उद्देश्य सनातन धर्म का उन्मूलन करना था। इस्लामीकरण के अपने व्यापक अभियान में, उसे पहली चुनौती गुरु तेग बहादुर महाराज से ही मिली। योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हमने बलरामपुर में एक बड़ी जांच शुरू की है। आपने देखा होगा कि उसने (जलालुद्दीन उर्फ चिंगुर बाबा) धर्मांतरण के लिए दरें तय कर रखी थीं। उसे विदेशी फंडिंग मिल रही थी। उसके 40 बैंक खातों में 100 करोड़ रुपये से अधिक का लेनदेन पाया गया।



# एएआईबी रिपोर्ट : टेकऑफ के तुरंत बाद फ्यूल स्विच हुए बंद

### अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 15 पेज की रिपोर्ट में खुलासा:दोनों इंजन बंद हुए; एक पायलट ने दूसरे से पूछा- तुमने फ्यूल बंद किया, जवाब- नहीं

> रिपोर्ट में कॉकपिट की नाटकीय आवाजों की रिकॉर्डिंग सामने आई है जिसमें एक पायलट को एहसास हुआ कि उड़ान भरते समय दोनों इंजनों का ईंधन बंद हो गया था, जबकि उसके सहयोगी ने इस बात से इनकार किया कि उसने ऐसा किया था।

एजेंसी

नई दिल्ली , अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरूआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी ) ने 12 जुलाई को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। अमेरिकी मीडिया न्यूयॉर्क टाइम्स ने एक्सपर्ट के हवाले से कहा है कि रिपोर्ट में शामिल सभी प्वाइंट्स प्लेन में टेक्निकल गड़बड़ी न होने और पायलट से चूक की ओर इशारा कर रहे हैं।



**पायलट कोशिश के बाद क्रैश से नहीं बचा पाए**

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे।

# आईआईएम कलकत्ता में युवती से रेप, बॉयज हॉस्टल में हुई घटना

### कोल्ड ड्रिंक पीने के बाद हुई बेहोश

कोलकाता पुलिस ने आईआईएम कलकत्ता के बॉयज हॉस्टल में युवती को बेहोश उसके साथ रेप करने के आरोप में एक छात्र को गिरफ्तार किया है.

एजेंसी

कोलकाताः दक्षिण कोलकाता लॉ कॉलेज की घटना के बाद में आईआईएम कलकत्ता में एक युवती के साथ रेप की घटना सामने आई है. इस मामले में आईआईएम के द्वितीय वर्ष के एक छात्र को गिरफ्तार किया गया है. आरोप है कि उसने कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर युवती को बेहोश कर दिया और फिर उसके साथ कथित तौर पर रेप किया. आरोपी छात्र को शनिवार को अलीपुर अदालत में पेश किया गया. अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ने सुनवाई के बाद आरोपी को 19 जुलाई तक पुलिस हिरासत में भेज दिया. कोलकाता पुलिस के अधिकारी रूपेश कुमार ने कहा, हमने घटना की जांच शुरू कर दी है.




# विकसित केरल अब भारतीय जनता पार्टी का मिशन...

### तिरुवनंतपुरम में बोले अमित शाह

शाह ने कहा कि विकसित भारत का मार्ग विकसित केरल से होकर जाता है। शक्तिशाली दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना, एक विकसित भारत संभव नहीं है। विकसित केरल अब भारतीय जनता पार्टी का मिशन बन गया है।

एजेंसी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तिरुवनंतपुरम में भाजपा की केरल इकाई के मुख्यालय का उद्घाटन किया। केरल भाजपा अध्यक्ष राजीव चंद्रशेखर भी मौजूद रहे। इस दौरान अमित शाह ने कहा कि केरल एक पवित्र भूमि है, क्योंकि यहीं श्री आदि शंकराचार्य जैसी महान आत्मा का जन्म हुआ था। आज, मैं श्री आदि शंकराचार्य की पुण्य आत्मा को नमन करता हूँ। आज केरल में भाजपा कार्यालय का उद्घाटन करते हुए, मैं उन सभी पार्टी कार्यकताओं के बलिदान को याद कर रहा हूँ जिन्होंने अपनी लगन और निष्ठा से हमारी पार्टी की विचारधारा को आगे बढ़ाया है। मैं उनके बलिदान को नमन करता हूँ। अमित शाह ने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य राजनीतिक दलों के सार्वजनिक सम्मेलनों जितना ही बड़ा बना दिया है और यह केरल में भाजपा के भविष्य का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि केरल के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं- भ्रष्टाचार रहित शासन, सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं और राजनीतिक लाभ से परे केरल का विकास। उन्होंने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर-आधारित पार्टियाँ हैं।



# टेनिस प्लेयर मर्डर- राधिका की नहीं थी एकेडमी

### बाप ने पहले कहा था- सवा करोड़ में खुलवाई, अब बोला- कन्या को मारकर पाप हुआ

▶▶बाप और बेटी के बीच असली विवाद की वजह यही थी।इसी विवाद में पिता ने 10 जुलाई को गुरुग्राम के वजीराबाद स्थित घर में बेटी की पीठ पर 4 गोलियां मारकर हत्या कर दी।

एजेंसी

गुरुग्राम , हरियाणा के गुरुग्राम में जूनियर इंटरनेशनल टेनिस प्लेयर राधिका यादव के मर्डर में पुलिस की जांच में बड़ा खुलासा हुआ है। राधिका यादव के पास टेनिस की एकेडमी नहीं थी। वह सिर्फ टेनिस कोर्ट किराए पर लेकर खिलाड़ियों को ट्रेनिंग देती थी। पुलिस का कहना है कि पिता दीपक यादव राधिका को ऐसा करने से रोकता था। पिता के मना करने के बावजूद भी राधिका नहीं मानी और उसने ट्रेनिंग कोर्ट लेकर अपना काम जारी रखा। वहीं शनिवार को एक दिन का रिमांड खत्म होने के बाद आरोपी पिता को गुरुग्राम के कोर्ट में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।इस दौरान वहां मौजूद परिजन से दीपक ने कहा कि कन्या को मारकर पाप हो गया है। सोसाइटी अध्यक्ष पवन यादव ने यह जानकारी दी।दीपक यादव के भाई विजय यादव ने कहा कि जब वे थाने में थे तो छोटे भाई ने पुलिस से कहा कि मेरे बयान और तरह से लिखना कि मुझे फांसी की सजा हो।



**सनसनी** डीके शिवकुमार के बयान ने मचाई सनसनी

# कुर्सी मिलना बहुत मुश्किल, जब मौका मिले तो...

एजेंसी

नयी दिल्ली। कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने राजनीतिक व्यंग्य से भरपूर एक बयान देकर एक बार फिर बवाल खड़ा कर दिया है, जिससे मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के साथ कथित सत्ता-साझेदारी समझौते की अटकलों को बल मिला है। केम्पेगौड़ा जयंती समारोह में बोलते हुए, शिवकुमार ने मुस्कुराते हुए कहा, हम कुर्सी के लिए लड़ रहे हैं... यहाँ कुर्सियाँ हैं, कृपया आकर बैठ जाएँ। कुर्सी पाना आसान नहीं है। इसलिए एक बार मिल जाए, तो उसे हथिया लेना ही होगा। हालाँकि यह बयान हास्य-व्यंग के साथ दिया गया और दर्शकों ने इसे खूब सराहा, लेकिन इन टिप्पणियों ने कर्नाटक में सत्तारूढ़ कांग्रेस पार्टी के भीतर मुख्यमंत्री पद के लिए अंदरूनी खींचतान की सुगबुगाहट को फिर से हवा दे दी है। हालांकि, उन्होंने कहा कि 2028 में राज्य में पार्टी को फिर से सत्ता में लाना उनका काम है, न कि सार्वजनिक रूप से मुख्यमंत्री पद जैसे मुद्दों पर चर्चा करना। लेकिन, शिवकुमार ने शनिवार को कुर्सी वाली टिप्पणी करके नई अटकलों को हवा दे दी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद पर एक सवाल के जवाब में डीके शिवकुमार ने कहा, पार्टी सही समय पर फैसला लेगी। मैं इस पर कोई चर्चा नहीं करना चाहता। यह ऐसा मुद्दा नहीं है जिस पर पहले मीडिया में चर्चा हो। हमारा काम 2028 में पार्टी को फिर से सत्ता में लाना है। यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला से मुलाकात के कुछ ही दिनों बाद आई है। बैठक के बाद, सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन की किसी भी अफवाह को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी अटकलों को निराधार बताया। हालांकि खड़गे के इस बयान के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने दावा किया था कि वो ही पूरे पांच साल तक सीएम की कुर्सी संभालेंगे, भाजपा केवल अफवाल उड़ा रही है। वहीं शुक्रवार को सिद्धारमैया ने एक बार फिर कहा मैं अपना कार्यकाल पूरा करूंगा और मुख्यमंत्री की कुर्सी अभी खाली नहीं हैं। नेतृत्व का सवाल आलाकमान के पास नहीं है इसे सुलझा लिया गया है। मुझे कांग्रेस आलाकमान का पूरा समर्थन है, अगर ऐसा नहीं होता तो मैं सीएम पद पर नहीं बना रहता।



> यह टिप्पणी मुख्यमंत्री सिद्धारमैया द्वारा दिल्ली में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव रणदीप सिंह सुरजेवाला से मुलाकात के कुछही दिनों बाद आई है। बैठक के बाद, सिद्धारमैया ने नेतृत्व परिवर्तन की किसी भी अफवाह को सिरे से खारिज करते हुए ऐसी अटकलों को निराधार बताया।

# चिराग को सोशल मीडिया पर मिली जान से मारने की धमकी, पुलिस में शिकायत दर्ज



एजेंसी

नयी दिल्ली। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान को एक इंस्टाग्राम उपयोगकर्ता से जान से मारने की धमकी मिली है। यह जानकारी उनकी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने शनिवार को दी। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने अपने एक्स हैंडल पर मुख्य प्रवक्ता राजेश भट्ट द्वारा पटना के साइबर पुलिस थाने में दर्ज करायी गई शिकायत का एक स्क्रीनशॉट भी साझा किया। भट्ट ने अपनी शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी नामक एक व्यक्ति की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने शिकायत मामले में जांच का आदेश दिया है। भट्ट ने आरोप लगाया है कि उपयोगकर्ता ने आपराधिक प्रवृत्ति दिखायी है और ऐसा लग रहा है कि वह हमारे नेता की बढ़ती लोकप्रियता से परेशान है। पार्टी ने एक्स पर पोस्ट में, केंद्र और राज्य सरकार से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि अपराधी को न्याय के कटघरे में लाया जाए और आरोप लगाया कि वह राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का एक समर्थक है। हालांकि, भट्ट द्वारा दर्ज करायी गई पुलिस शिकायत में विपक्षी पार्टी का कोई उल्लेख नहीं है।

> भट्ट ने अपनी शिकायत में टाइगर मेराज इदरीसी नामक एक व्यक्ति की पोस्ट का हवाला दिया, जिसने हाजीपुर के सांसद को बम से उड़ाने की धमकी दी है। थाना प्रभारी (एसएचओ) ने शिकायत मामले में जांच का आदेश दिया है।

# सम्पादकीय

## रिश्तों को संवारने की नई पाठशाला, युवाओं को समझनी होगी जीवन की वास्तविकता

यदि कोई संबंध न चल रहा हो उससे अलग होना हो तो बेहतर है कि बच्चों को दुनिया में न लाया जाए। ह्यतेरे-मेरे सपनेह्ल जैसी पहल अच्छी है यदि वह युवाओं को जीवन की वास्तविकता बता सके। जीवन सिर्फ इंस्टाग्राम फेसबुक आदि पर कुछ शेयर करने या रील बनाने के लिए ही नहीं है। उसके अर्थ बहुत व्यापक हैं |देवानंद, मुमताज और चेतन आनंद अभिनीत एक हिट फिल्म आई थी-तेरे-मेरे सपने। इससे पहले देवानंद की ही फिल्म गाइड का गाना युवाओं की जुबान पर चढ़ गया था-तेरे-मेरे सपने अब एक रंग हैं। हालांकि पचास साल से अधिक के समय में बहुत कुछ बदल चुका है। संबंधों में भावुकता के मुकाबले ह्यप्रेक्टिकलिटीह्ल ने स्थान बना लिया है। मामूली बातों पर संबंध खत्म हो रहे हैं। यदि किसी ने हैप्पी बर्थडे नहीं कहा तो भी ह्यटाटा-बाय बायह्ल। वैवाहिक संबंधों में स्थायित्व तक नहीं रहा। बच्चे भी अब संबंध टूटने की राह में रोड़ा नहीं बनते। पिछले दिनों एक स्त्री ने चार बच्चों के होते हुए भी चार बच्चों के पिता से शादी रचा ली। इसी तरह एक महिला नौ बच्चों के होते हुए भी अपने पुरुष मित्र के साथ चली गई। उसका सबसे छोटा बच्चा आठ-नौ महीने का था। वह रो-रोकर मां को पुकारता रहा, लेकिन वह नहीं रुकी। यही हाल पुरुषों का भी है। किसी और महिला से संबंध बनाने के चक्कर में वे बाल-बच्चों को छोड़कर चले जाते हैं। इसके अलावा संबंधों में हत्या भी जोर पकड़ रही है। कोई पत्नी को मार रहा है, कोई पति को, तो कोई लिव इन पार्टनर को। हाल में इसी अखबार में खबर छपी कि ऐसी घटनाओं से महिला आयोग बहुत चिंतित है। इसलिए दस राज्यों के 24 शहरों में ऐसे संवाद केंद्र स्थापित किए जाएंगे, जहां विवाह से पहले युवक-युवती आपस में बातचीत कर सकें। इन केंद्रों का नाम होगा-तेरे-मेरे सपने। यहां युवाओं को मानसिक स्वास्थ्य, पारिवारिक जिम्मेदारियों को लेकर जागरूक किया जाएगा। माना जा रहा है कि इससे विवाह में स्थायित्व आएगा। तलाक में कमी आएगी। घरेलू हिंसा भी रोकी जा सकेगी। महिला आयोग ने इन केंद्रों से जोड़े जाने वाले लोगों के लिए एक सिलेबस तैयार किया है। उन्हें प्रशिक्षण भी दिया गया। मूल रूप से यह बातें बहुत अच्छी हैं, लेकिन ये सब पढ़ते हुए लगा कि क्या वाकई अब हमारे परिवारों में ऐसा कोई नहीं रहा, जो बच्चों को विवाह और उसकी जिम्मेदारियों के लिए तैयार कर सके। इसके लिए बाहर वालों की मदद चाहिए। घरों में बच्चे अपने परिजनों को देखकर बहुत कुछ सीखते हैं। घर ही उनकी प्राथमिक पाठशाला होती है। क्या आज ऐसा नहीं रहा। नहीं रहा, तो क्यों नहीं रहा? बच्चों का काम बस पढ़ना-लिखना और नौकरी करना ही रह गया। कुछ लोग यह भी कहते हैं कि ऐसा इसलिए हो रहा है, क्योंकि लड़कियां बदल गई हैं।

## आज का विचार

दूसरों से अपनी
तुलना मत करो,
जो आप दूसरों के सोशल मिडिया
देखकर प्रभावित होते हो,
वो केवल उनकी जिंदगी की हाइलाइट्स हैं,
असल जिंदगी कुछ और ही होती है

भारत संवाद




**मेष राशि:** करियर: रुके हुए कार्यों में सफलता मिलेगी, लंबी यात्रा संभव. बिजनेस: कार्यसिद्धि और लाभ के योग बन रहे हैं. धन: आर्थिक रूप से सुधार होगा, लाभदायक दिन. शिक्षा: शिक्षा में सफलता मिलेगी. लव/पारिवारिक: पारिवारिक विवाद सुलझ सकते हैं, खुशी का माहौल रहेगा उपाय: सूर्य भगवान को जल चढ़ाएं.

**वृषभ राशि:** करियर: कार्यक्षेत्र में विरोधियों से सावधान रहें. बिजनेस: व्यापार में अड़चनें आ सकती हैं. धन: आर्थिक हानि की आशंका, सावधानी रखें. शिक्षा: ध्यान केंद्रित रखने की जरूरत है. लव/ पारिवारिक: जीवनसाथी से विवाद संभव. उपाय: शिवलिंग पर जल अर्पित करें.

**मिथुन राशि :** करियर: अत्यधिक भागदौड़ से थकावट रहेगी. बिजनेस: व्यापार में बदलाव से बचें. धन: व्यर्थ खर्च से बचें. शिक्षा: मन भटक सकता है, फोकस बनाए रखें. लव/पारिवारिक: विवाद की स्थिति बन सकती है.

**कर्क राशि:** करियर: सम्मान प्राप्त हो सकता है, अवसर मिलेंगे. बिजनेस: संभलकर निर्णय लें. धन: सोच-समझकर निवेश करें. शिक्षा: बच्चों की पढ़ाई में चिंता संभव. लव /पारिवारिक: पार्टनर का स्वास्थ्य बिगड़ सकता है.

**सिंह राशि :** करियर: नई शुरूआत संभव, खुशखबरी मिलेगी. बिजनेस: वाहन चलाते समय सतर्क रहें. धन: खर्च पर नियंत्रण रखें. शिक्षा: प्रयासों से सफलता मिलेगी. लव/ पारिवारिक: मतभेद दूर होंगे.

**कन्या राशि:** करियर: नए प्रोजेक्ट की शुरूआत में सतर्क रहें. बिजनेस: नुकसान से बचने के लिए सोच-समझकर निर्णय लें. धन: लाभ संभव है, पर जोखिम से बचें. शिक्षा: ध्यान केंद्रित रहेगा. लव/ पारिवारिक: पार्टनर की सेहत चिंता बढ़ा सकती है.

**तुला राशि :** करियर: वाहन या संपत्ति खरीदने के योग बन रहे हैं. बिजनेस: निवेश सोच-समझकर करें. धन: उधार देने से बचें. शिक्षा: सकारात्मक परिणाम मिलेंगे. लव/ पारिवारिक: घूमने-फिरने का कार्यक्रम बन सकता है.

**वृश्चिक राशि:** करियर: वाद-विवाद में जीत के योग हैं. बिजनेस: बड़ी साझेदारी हो सकती है. धन: आर्थिक स्थिति सुधरेगी. शिक्षा: सफलता के संकेत हैं. लव/ पारिवारिक: परिवार के स्वास्थ्य को लेकर चिंता रहेगी. उपाय: गरीबों को भोजन कराएं.

**धनु राशि:** करियर: पहचान और सम्मान मिलेगा. बिजनेस: पैतृक संपत्ति में लाभ. धन: आर्थिक लाभ संभव. शिक्षा: अड़चनें आ सकती हैं. लव/ पारिवारिक: जीवनसाथी के साथ अच्छा समय बितेगा.

**मकर राशि :** करियर: पारिवारिक उलझनों से प्रभावित हो सकते हैं. बिजनेस: आर्थिक गिरावट संभव. धन: खर्च नियंत्रित रखें.शिक्षा: पढ़ाई में मन नहीं लगेगा.लव/ पारिवारिक: रिश्तेदार का आगमन संभव है.

**कुंभ राशि:** करियर: कानूनी झंझट में फंस सकते हैं. बिजनेस: विरोधियों से सतर्क रहें. धन: शेयर बाजार से दूर रहें. शिक्षा: बच्चों की सेहत बिगड़ सकती है. लव/ पारिवारिक: विवादों से बचें.


**मीन राशि :** करियर: कार्यक्षेत्र में लाभ होगा. बिजनेस: बड़ी डील के संकेत हैं. धन: रुका धन वापस मिलेगा. शिक्षा: मेहनत का फल मिलेगा. लव/पारिवारिक: ससुराल पक्ष से तनाव संभव. उपाय: कुत्तों को बिस्किट खिलाएं.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# बोझ के बजाय सुगमता बढ़ाएं कानून, पुराने नियम-कायदों को आसान और नए डिजिटल तरीके अपनाने होंगे

> आज के सूचना प्रधान युग में उपभोक्ता खुद काफी मुखर होकर इंटरनेट मीडिया के मंचों पर अपनी आवाज उठाते हैं। इसके बावजूद कुछ लोग ठगी से बाज नहीं आते जिनसे निपटने के लिए कानूनी सख्ती आवश्यक है। इस संदर्भ में एक आसान तरीका यह हो सकता है कि ग्राहक की शिकायत पर जांच शुरू की जाए या अधिकारी बाजार से कोई सामान खरीदकर उसका वजन या माप जांचें।

पा दिग्गज फैशन ब्रांड एचएंडएम को 2016 में एक स्वेटर का माप 1.22 मीटर के बजाय 122 सेंटीमीटर बताना महंगा पड़ गया। इस कारण उस पर आपराधिक मुकदमा दर्ज हुआ। इसी तरह ब्रिटानिया पर भी मैट्रोलोजी कानून यानी माप से जुड़े कानून के तहत एक थोक बाक्स पर 120 एन या 120 यू के बजाय 120 पैक्स लिखने के लिए मुकदमा चलाया गया। लेबलिंग नियमों के उल्लंघन पर आइटीसी को मध्य प्रदेश में छह साल तक कानूनी लड़ाई लड़नी पड़ी, क्योंकि उसने अरहर दाल के पैकेट पर एक साधारण वाक्यांश जब पैक किया गया लिख दिया, जो तय नियमों में नहीं आता था। ये कुछ मिसालें हैं, जो मैट्रोलोजी कानूनों की जटिलताओं के चलते कानून व्यवस्था पर पड़ने वाले अनावश्यक बोझ को दशार्ती हैं। इसका अनुमान इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि 2021-22 में ही अप्रमाणित वजन और माप की वजह से 35,840 मामले दर्ज किए गए। मैट्रोलोजी कानून यानी विधिक माप-विज्ञान अधिनियम का मूल उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा है, ताकि सुनिश्चित किया जा सके कि सामान का वजन और माप सही हो। यह कानून सुनिश्चित करता है कि जब आप कुछ खरीदते हैं तो आपको उतनी ही मात्रा या माप की वस्तु मिले, जितनी पैकेट पर लिखी हुई है। प्री-पैक्ड वस्तुओं की लेबलिंग के मामले भी इसी के अंतर्गत आते हैं। जैसे प्रोडक्ट का नाम, वजन और निमार्ता की जानकारी आदि। इस कानून के तहत ऐसे व्यवसाय, जो वजन और माप



संबंधी उपकरण बनाते, बेचते, आयात या मरम्मत करते हैं, उन्हें लाइसेंस प्राप्त करना भी अनिवार्य है। भले ही किसी व्यवसाय का गलत इरादा न हो, पर यह कानून व्यवसायों पर बड़ा बोझ डालता है। हमने इस संदर्भ में कुछ चुनौतियों और उनके समाधान प्रस्तुत करने का प्रयास किया है। पहला, हमारी मौजूदा लेबलिंग आवश्यकताएं अत्यंत जटिल हैं और मौजूदा नियमों में बहुत ही सूक्ष्म निर्देश दिए गए हैं। उदाहरण के रूप में अंकों की माप, शब्दों की ऊंचाई और चौड़ाई और लेबल का आकार आदि। हमें अंक, शब्दों की माप, पैकेजिंग कवर के प्रतिशत आदि से संबंधित निर्धारित आवश्यकताओं से हटकर व्यावहारिक मापदंडों का उपयोग करना चाहिए। जैसे लेबल स्पष्ट रूप से चिह्नित हो, प्रमुखता से दिखाई दे और आसानी से पढ़ा जा सके और यदि विस्तृत जानकारी की आवश्यकता है तो उसे क्विक-रिस्पांस यानी क्यूआर कोड से जोड़ा जा सकता है। कुछ इलेक्ट्रानिक उत्पादों और दवाओं में ऐसा किया भी जाता है, ताकि ग्राहक सही जानकारी हासिल कर सकें। दूसरा, जिन उत्पादों के लिए आम तौर पर मीट्रिक प्रणाली का प्रयोग नहीं किया जाता है, वहां अन्य उपयोग स्वीकार किए जाने चाहिए। ऐसा न करने से भ्रम की स्थिति पैदा होती है। जैसे लैपटाप और मोबाइल के लिए कानून के अनुसार सेंटीमीटर में माप दी जानी चाहिए, लेकिन इसके लिए चलन इंच में माप देने का है। ऐसे में यदि किसी उत्पाद को सामान्यत: गैर-मीटरिक इकाइयों में मापा जाता है, तो उनके उपयोग की अनुमति दी जानी चाहिए। वर्तमान में, लीगल मेट्रोलाजी एक्ट के तहत दर्ज किए गए कुल उल्लंघनों में लगभग 10 प्रतिशत मामले गैर-मानक इकाइयों के उपयोग से जुड़े हैं, जो कानून व्यवस्था पर बोझ डालने का काम करते हैं। तीसरा, इस अधिनियम में कई उल्लंघनों के लिए अभी भी आपराधिक दंड का प्रविधान है। इससे अधिकारियों को अनुचित लाभ के लिए दबाव बनाने का मौका मिलता है और व्यवसायों के लिए मुश्किलें बढ़ जाती हैं। इसलिए अधिनियम के किसी भी उल्लंघन को आपराधिक श्रेणी से बाहर किया जाना चाहिए। हालांकि जन विश्वास अधिनियम ने दंड के दायरे को सीमित किया है, फिर भी मामूली अपराधों के लिए एक साल तक की सजा का प्रविधान अब भी मौजूद है। जबकि इसके बजाय केवल सुधारात्मक आदेश और आर्थिक दंड लगाया जाए |चौथा, फिलहाल कंपनियों को वजन और माप के लिए एक अलग लाइसेंस प्राप्त करना अनिवार्य है जो पहले से ही मौजूद जटिल प्रक्रियाओं को और बोझिल बनाते हैं। हर राज्य के अपने नियम-कानून हैं और ऐसे उपकरणों के लिए भी लाइसेंस लेना पड़ता है, जिन्हें पहले से अनिवार्य बीआइएस प्रमाण मिला हुआ है। जो निमार्ता पहले से ही दुकानों और प्रतिष्ठान अधिनियम, फैक्ट्री अधिनियम, जीएसटी और अन्य कानूनों के तहत पंजीकृत हैं, उन्हें भी एक अलग पैकर/निमार्ता के रूप में पंजीकरण कराना पड़ता है। एमएसएमई और स्टार्टअप्स के लिए यह प्रक्रिया लागत और समय दोनों बढ़ाती है। यह सही नहीं है। हमें इस प्रक्रिया को सरल बनाने और इसे अन्य मौजूदा लाइसेंसों के साथ जोड़ने पर काम करना चाहिए ताकी समय और पैसे दोनों की बचत हो सके। हमारी मंशा इस कानून को रद कराने की नहीं, बल्कि उसे सरल-सहज और व्यवसायों के और अनुकूल बनाने की है। बाजार में लेन-देन और उपभोक्ताओं के हितों की सुरक्षा जरूरी है, लेकिन हमें यह भी सोचना चाहिए कि नियम, कानून और परमिट किस हद तक सही हैं और ये व्यवसायों के लिए परेशानी न बनें |आज के सूचना प्रधान युग में उपभोक्ता खुद काफी मुखर होकर इंटरनेट मीडिया के मंचों पर अपनी आवाज उठाते हैं। इसके बावजूद कुछ लोग ठगी से बाज नहीं आते, जिनसे निपटने के लिए कानूनी सख्ती आवश्यक है। इस संदर्भ में एक आसान तरीका यह हो सकता है कि ग्राहक की शिकायत पर जांच शुरू की जाए या अधिकारी बाजार से कोई सामान खरीदकर उसका वजन या माप जांचें |इसे बाजार निगरानी भी कहा जाता है और अधिकांश विकसित देशों में यही चलन भी है। यदि भारत को एक ग्लोबल मैन्यूफैक्चरिंग हब बनना है, तो पुराने नियम-कायदों को आसान बनाना और नए डिजिटल तरीके अपनाने होंगे। विधिक माप विज्ञान के नियमों को आसान बनाने से एमएसएमई को भी औपचारिक आर्थिकी से जुड़ने और कारोबार बढ़ाने में मदद मिलेगी। इससे रोजगार सृजन भी होगा और उत्पादन भी बढ़ेगा। याद रहे कि जब नियम सरल होंगे तभी उपभोक्ता हितों की सुरक्षा से लेकर आर्थिकी का विस्तार होता है।

# मतदाता सूची में सुधार पर सुप्रीम सहमति सराहनीय

ललित गर्ग

बिहार में मतदाता सूची सुधार पर सुप्रीम कोर्ट की हरी झंडी सिर्फ एक न्यायिक फैसला नहीं, बल्कि लोकतंत्र के मूल्य को पुष्ट करने वाला ऐतिहासिक एवं प्रासंगिक निर्णय है। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को बिहार में मतदाता सूची की समीक्षा के लिए आधार, राशन और वोटर कार्ड को भी मान्यता देने का सुझाव देकर आम लोगों की मुश्किल हल करने की कोशिश की है। इससे प्रक्रिया आसान होगी और आशंकाओं को कम करने में मदद मिलेगी। बेशक, फर्जी नाम मतदाता सूची में नहीं होने चाहिए लेकिन ऐसे अभियानों के दौरान आयोग का जोर ज्यादा से ज्यादा नाम वोटर लिस्ट से निकालने के बजाय, इस पर होना चाहिए कि एक भी नागरिक चुनावी प्रक्रिया में शामिल होने से वंचित न रह जाए। विपक्ष को चाहिए कि वह इस फैसले को राजनीतिक हार न माने, बल्कि इसे एक अवसर माने, जनविश्वास अर्जित करने का, लोकतंत्र में आस्था बढ़ाने का और सबसे जरूरी, राष्ट्रहित को राजनीति से ऊपर रखने का। मतदाता सूची में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का कार्य केवल बिहार ही नहीं, देश के अन्य राज्यों में प्राथमिकता के आधार पर प्रारंभ करना चाहिए।

भारतीय लोकतंत्र में सुप्रीम कोर्ट का निर्णय सर्वोपरि होता है। चुनाव आयोग यदि चुनाव कराने को तैयार है, और इसकी जुड़ी किन्हीं प्रक्रियाओं में कोई त्रुटि या खामी है तो उसका सुधार करना संविधान सम्मत है, तो फिर इस पर प्रश्नचिन्ह लगाने का अधिकार किसी भी राजनीतिक दल को नहीं होना चाहिए। लेकिन जो प्रश्न जनता के मानस को उद्वेलित करता है, वह यह है कि विपक्ष बार-बार चुनावी प्रक्रियाओं, राष्ट्रीय हितों या सुरक्षा से जुड़े मुद्दों पर भी एकमत होकर विरोध करता है, आखिर क्यों? बिहार में एसआईआर को लेकर जो याचिकाएं और बहसें




सामने आईं, उनमें एक प्रमुख तर्क यह था कि समय उपयुक्त नहीं है, सरकार अस्थिर है, या सामाजिक समीकरण तैयार नहीं हैं। लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि जनता को प्रतिनिधित्व देने का अधिकार सर्वोपरि है। लेकिन त्रुटिपूर्ण या फर्जी मतदाता सूची से चुनाव कराना भी लोकतंत्र का अपमान है। अदालत ने यह भी संकेत दिया कि देर-सवेर नहीं, संवैधानिक कर्तव्य को समय पर निभाना जरूरी है।

अदालत ने एसआईआर पर कोई आदेश नहीं दिया है, लेकिन अपने इरादे की ओर इशारा तो कर ही दिया है। अदालत ने टाइमिंग को लेकर जो सवाल उठाया, वह उचित प्रतीत होता है। बिहार में इसी साल के आखिर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में इतनी विस्तृत कवायद के लिए शायद उतना वक्त न मिल पाए, जितना मिलना चाहिए। बिहार में एसआईआर को लेकर जो असमंजस है, उसकी एक वजह निश्चित ही टाइमिंग है। जिनके पास जरूरी डॉक्युमेंट नहीं हैं, वे इतनी जल्दी उनका इंतजाम नहीं कर पाएंगे। हालांकि आयोग ने भरोसा दिलाया है कि किसी भी व्यक्ति को भी अपनी बात रखने का मौका दिए बिना मतदाता सूची से बाहर नहीं किया जाएगा। वैसे बिहार में चुनाव को देखते हुए ही फर्जी मतदाताओं की संख्या बढ़ी या तथाकथित राजनीतिक दलों ने इन फर्जी मतदाताओं को बढ़ाया है। ऐसे में इन फर्जी मतदाताओं पर कार्रवाई अपेक्षित है। यह मामला केवल बिहार तक सीमित नहीं रहना चाहिए। दूसरे राज्यों में मतदाता सूचियों की समीक्षा किस तरह होगी, यह बिहार में अपनाई जाने वाली प्रक्रिया पर निर्भर करेगा। ऐसे में स्वाभाविक ही नजरें इस बात पर टिकी हैं कि सुप्रीम कोर्ट में आखिरकार इस प्रक्रिया का कैसा स्वरूप तय होता है?

भारतीय राजनीति में विपक्ष का कार्य सरकार की नीतियों पर निगरानी रखना है, आलोचना करना है, लेकिन वह आलोचना रचनात्मक होनी चाहिए, राष्ट्र-विरोधी नहीं। आज हम देख रहे हैं कि आर्टिकल 370 हटाना हो, नागरिकता संशोधन अधिनियम-सीएए, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर-एनआरसी जैसे कानून हों, अग्निपथ योजना हो, या राम मंदिर निर्माण-लगभग हर मुद्दे पर विपक्ष ने एकमत होकर विरोध किया है। चाहे चीन या पाकिस्तान से जुड़ी संवेदनशील मसले हों, या फिर राष्ट्रीय सुरक्षा के निर्णय, विपक्ष अक्सर उन बिंदुओं पर एक सुर में सरकार का विरोध करता है, जबकि ऐसे राष्ट्रीयता के मुद्दों पर विपक्ष को सरकार एवं देश के साथ एकजुटता दिखानी चाहिए। यह संयोग नहीं, एक दूषित राजनीतिक रणनीति बनती जा रही है कि ह्यजो सरकार करे, उसका विरोध करोह्ल, चाहे मुद्दा देशहित का ही क्यों न हो। इन स्थितियों में आम जनता का एक बड़ा सवाल है कि विपक्ष देश के साथ है या सिर्फ सत्ता की भूख के साथ? क्या चुनाव प्रक्रिया पर विरोध करना लोकतंत्र का मजाक नहीं है? क्या न्यायपालिका के निर्णयों को चुनौती देना सिर्फ स्वार्थ की राजनीति नहीं? क्या राष्ट्रीय मुद्दों पर सरकार के साथ खड़े होने से विपक्ष की राजनीति कमजोर हो जाएगी? जब विपक्ष सिर्फ विरोध करने के लिए विरोध करता है, तो उसका नैतिक बल कमजोर होता है, और जनता का विश्वास टूटता है। भारतीय राजनीति को अब रचनात्मक विपक्ष की जरूरत है, ऐसा विपक्ष जो सत्ता में नहीं है, फिर भी राष्ट्र के लिए सत्ता के साथ खड़ा हो सकता है। जो यह समझ सके कि लोकतंत्र सरकार और विपक्ष दोनों से चलता है।

लेकिन राष्ट्र सबसे ऊपर है। बिहार में चुनाव आयोग को सुप्रीम कोर्ट की अनुमति इस बात का प्रतीक है कि संस्थाएं अभी भी न्याय और संवैधानिकता की रक्षा कर रही हैं। लेकिन विपक्ष यदि इस निर्णय पर भी नकारात्मक रवैया अपनाता है, तो यह जनता की आकांक्षाओं, लोकतांत्रिक मूल्यों और विकासशील भारत की दिशा के विरुद्ध होगा। विपक्ष को चाहिए कि वह अपनी राजनीति को जनहित से जोड़े, जनविरोध से नहीं। विपक्ष यदि राष्ट्रहित में सोचने की दिशा में खुद को परिवर्तित नहीं करता, तो वह धीरे-धीरे प्रासंगिकता खो देगा।

भारतीय लोकतंत्र की नींव निष्पक्ष, पारदर्शी और समावेशी चुनावों पर टिकी होती है। इसी लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने की दिशा में बिहार में चुनाव आयोग द्वारा शुरू किया गया मतदाता सूची सुधार अभियान हाल ही में राष्ट्रीय बहस का केंद्र बना। लेकिन जिस बात ने सबसे अधिक ध्यान खींचा, वह यह है कि इस पूरी कवायद के दौरान विपक्ष एक बार फिर एकजुट होकर इसका विरोध करता नजर आया, भले ही मामला राष्ट्रहित और लोकतंत्र की मजबूती से जुड़ा हो। बिहार में राज्य निर्वाचन आयोग ने वोटर लिस्टों को दुरुस्त करने, फर्जी वोटरों की छंटनी, और नए योग्य मतदाताओं को जोड़ने का जो कार्य प्रारंभ किया।

# सफलता भाग्य का नहीं परिश्रम का पुरस्कार

संजीव ठाकुर

जहां सफलता की संभावना एकदम कम तथा न्यून हो और सफलता मिल जाए तो भाग्य को श्रेय दिया जाता हैह्न वास्तव में जो सफलता के चरम पर होता है, वह खुद ही जानता है कि भाग्य जैसी कोई चीज नहीं होती हैह्न पर सफल व्यक्ति से जुड़े हुए लोग उसके साहस और श्रम को श्रेय देने के बजाय व्यक्ति के भाग्य पर जोर देने लगते हैंह्नइस दुनिया में दो तरह के लोग होते हैं, जो सफलता को कुछ निश्चित गुणों पर आधारित मानते हैं |असफल व्यक्ति ही भाग्य पर ज्यादा भरोसा करते हैं, असफल होने पर अपने भाग्य को कोसते हैंह्न वस्तुतः भाग्य नाम की कोई चिड़िया होती ही नहीं है। भाग्य साहस और मेहनत की परिणति है। जिसके भीतर साहस और श्रम करने की प्रवृत्ति होती है, वही व्यक्ति सफल होता है। भाग्य उसका सदैव साथ देता है। साहसी व्यक्ति मेहनत से नहीं डरता, चुनौतियां स्वीकार करता है, और निडर होकर हर चुनौती का डटकर मुकाबला करता है। साहसी व्यक्ति कांटों से भरे पथ पर चलने के लिए तत्पर रहता है, डर नामक चीज से वह परिचित नहीं होता है। और अपनी मेहनत और साहस के बल पर बड़ी से बड़ी सफलता प्राप्त करता है, वही व्यक्ति भाग्यवान कहलाता है। मशहूर मुक्केबाज मोहम्मद अली उर्फ कैशियस क्ले ने एक महत्वपूर्ण मुक्केबाजी की स्पर्धा जीतकर कहा था,₹ जो व्यक्ति जीवन में ज्यादा खतरे नहीं उठाता वह एक साधारण जिंदगी जीने से ज्यादा कुछ नहीं कर सकता₹ मोहम्मद अली के इस कथन में कई सफलता के तत्व छुपे हुए हैं, यदि आपने अपनी जिंदगी में साहस नहीं दिखाया तो निश्चित तौर पर आप कुछ भी उल्लेखनीय नहीं कर सकते हैं, साहस एक ऐसा माननीय गुण है जो व्यक्ति की सफलता को दुगना कर देता है। साहस और श्रम ही जीवन का पर्याय है, और ऐसे व्यक्ति भीड़ में अलग दिखाई देते हैं। उन्हें ही समाज सफल व्यक्ति एवं भाग्यवान होने की श्रेणी में रखता है। साहसी व्यक्ति के मन में हिचक नहीं होती वह किसी भी निर्णय लेने में कभी किंकर्तव्यविमूढ़ नहीं होता, अनेक कठिनाइयों का सामना करते हुए वह अपने साहस और श्रम पर विश्वास रख आत्मविश्वास से परिपूर्ण रहता है। नेपोलियन बोनापार्ट के अनुसार भाग्य केवल सक्रिय मस्तिष्क का साथ देता है, इसीलिए मनुष्य को अपना मस्तिक सदैव क्रियाशील व सक्रिय रखना चाहिए, वास्तव में हम जैसे विचार रखते हैं, हम जैसा सोचते हैं, हम वैसे ही बन जाते हैं, जिसने विचारों की ऊर्जा को पहचाना, उसका जीवन सकारात्मक तथा सफलता के कदम चूमता है। अपने लक्ष्य के बारे में सदैव विचार करते रहें एवं उपलब्ध संसाधनों का रोना रोने के बजाय यह सोचना आवश्यक होगा कि हम अपना सर्वोत्तम कैसे दे सकते हैं। ऐसे विचारों और साहस के बहुत बड़े उदाहरण मीराबाई चानू,बजरंग पूनिया और गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा हैं, जो देश के लिए बहुत बड़े उदाहरण हैं। इसके अलावा अन्य भी जिन्होंने ओलंपिक 2020 जापान में देश के लिए खेल में चार और मेडल प्राप्त किया और देश का गौरव बढ़ाया। इन सब को बधाइयों के साथ शुभकामनाएं भी हैं, इनकी मेहनत लगन और साहस को देश के 135 करोड़ आवाम का अभिनंदन तथा वंदन है। थॉमस कूलर के अनुसार बुद्धिमान व्यक्ति अवसर को एक अच्छे भाग्य में बदल देता है। और वही व्यक्ति जो अवसर की तलाश में रहता है, उसे परिवर्तित कर अच्छे परिणाम देकर, अपने परिवार, समाज देश का नाम स्वर्णिम अक्षरों में दर्ज करवाता है। स्वयं को मिले अवसरों को सफलता में बदल डालिए, आपका हर पल बहुत कीमती है, उसे नष्ट ना करें।

# महाराष्ट्र में होम्योपैथ वाले नहीं कर सकेंगे एलोपैथ की प्रैक्टिस, विवाद के बाद फडणवीस सरकार ने आदेश लिया वापस

**महाराष्ट्र सरकार होम्योपैथी डॉक्टरों को आधुनिक दवाइयां लिखने की अनुमति देने के फैसले से पीछेहट गई है। सरकार ने इस मामले पर विचार करने के लिए एक 7 सदस्यीय कमेटी का गठन किया है, जो दो महीने में फैसला देगी। इस निर्णय से होम्योपैथी डॉक्टर और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन दोनों ही संतुष्ट नहीं हैं।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया था। सरकार ने होम्योपैथी डॉक्टरों को आधुनिक दवाइयां लिखने की अनुमति देने का निर्णय लिया था। अब सरकार इस फैसले से पीछे हट गई है। सरकार ने एक 7 सदस्यों की कमेटी बनाई है। यह कमेटी दो महीने में इस मामले पर फैसला करेगी। दिलचस्प बात यह है कि इस मामले में न तो होम्योपैथी डॉक्टरों और न ही इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के डॉक्टरों ने कहा है कि अगर फैसला उनके पक्ष में नहीं आता है तो वे कमेटी का निर्णय मानेंगे। दोनों ही पक्ष कमेटी के फैसले से सहमत नहीं हैं। कमेटी में चिकित्सा शिक्षा विभाग, आयुष निदेशालय, महाराष्ट्र स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय के अधिकारी शामिल हैं। इसके साथ ही आधुनिक चिकित्सा और होम्योपैथी परिषदों के रजिस्ट्रार भी कमेटी में होंगे। बॉम्बे हाई कोर्ट में लंबित संशोधनकदम ने कहा कि कमेटी इस विषय पर विचार कर सकती है, लेकिन अगर उनका फैसला जनहित के खिलाफ होगा तो उसे स्वीकार नहीं किया जाएगा। हमारे लिए अदालत का फैसला ही अंतिम होगा।

# महाराष्ट्र में धर्मांतरण कर आरक्षण का लाभ तो एक्शन, अवैध धर्म परिवर्तन पर सख्त कानून, देवेंद्र फडणवीस ने बताया

**महाराष्ट्र में सरकार धर्मांतरण को लेकर कानून बनाने की तैयारी में है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि धर्मांतरण करके आरक्षण का लाभ लेने पर सरकार कार्रवाई करेगी। सीएम ने कहा कि यह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है कि धर्मांतरण करके आरक्षण का लाभ लिया जाए।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई : सुप्रीम कोर्ट के एक आदेश का हवाला देते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में कहा कि आरक्षण का लाभ केवल उसी धर्म में रहकर ही लिया जा सकता है, जिस धर्म में उन्हें आरक्षण का लाभ मिला है। यदि कोई व्यक्ति धर्मांतरण करके भी आरक्षण का लाभ ले रहा है, तो वह सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन है। ऐसे मामलों में राज्य सरकार कार्रवाई करेगी। शुक्रवार को विधानसभा में बीजेपी के विधायक गोपीचंद पडलकर ने जबरन धर्मांतरण के मामलों को लेकर सरकार का ध्यान खींचा, जिस पर जितेंद्र आव्हाड सहित अन्य विधायकों ने भाग लिया।

## धर्मांतरण के खिलाफ कानून पर क्या कहा

विधायकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए सीएम देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि जबरदस्ती या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराना एक आपराधिक कृत्य है ऐसे मामलों को रोकने के लिए और अधिक कठोर कानून बनाया जाएगा। राज्य के पुलिस महासंचालक की अध्यक्षता में गठित समिति की रिपोर्ट सरकार को प्राप्त हुई है और उसी के अनुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्णय के अनुसार, आरक्षण का लाभ लेने वाले व्यक्ति को उसी धर्म में रहना होगा, जिस धर्म में वह लाभ प्राप्त हुआ था।सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश का सम्मान करते हुए ऐसे मामलों में कार्रवाई करेगी। कुछ मामलों में यह पाया गया है कि लोग धर्म बदलकर भी आरक्षण का लाभ उठा रहे है, जो कि आदेश का उल्लंघन है।

फडणवीस ने मुंबई पुलिस की तारीफ करते हुए कहा कि बिना किसी विवाद या एक भी एफआईआर दर्ज किए यह कार्रवाई सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत शांतिपूर्ण ढंग से की गई।अवैध लाउडसपीकर्स के लिए एसओपीमुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार ने अवैध लाउडस्पीकरों पर नियंत्रण के लिए मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) तैयार की है। उन्होंने मुंबई पुलिस को इस कार्य को बिना किसी टकराव के पूरा करने के लिए विशेष रूप से धन्यवाद दिया।बीजेपी विधायक गोपीचंद पडलकर ने उठाया मुद्दाफडणवीस ने महाराष्ट्र विधानसभा में एक अन्य महत्वपूर्ण मुद्दे पर बात की। उन्होंने जबरन या प्रलोभन देकर धर्मांतरण के खिलाफ कड़ा कानून लाने का आश्वासन दिया।

फास्ट ट्रैक

# संजय शिरसाट का वीडियो वायरल होते ही संजय राउत मुश्किल में? मंत्री ने कहा, 'वो' वीडियो मुझे भी दिखाने पड़ेंगे

**आयकर विभाग ने महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट को संपत्ति में गड़बड़ी को लेकर नोटिस भेजा है। इस बीच संजय राउत की ओर से शिरसाट के बेडरूम का एक कथित वीडियो शेयर करने पर हड़कंप मच गया। इसमें कथित तौर पर नोटों के बंडल दिखाई दे रहे हैं।**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः आयकर विभाग ने सामाजिक न्याय मंत्री और एकनाथ शिंदे गुट के नेता संजय शिरसाट को नोटिस भेजा है। शिरसाट ने संभाजीनगर में एक सार्वजनिक कार्यक्रम में यह खुलासा किया। आयकर विभाग ने इस पर स्पष्टीकरण मांगा है। क्योंकि चुनाव के दौरान हलफनामे में घोषित संपत्ति में गड़बड़ी थी। इससे साफ है कि संभाजीनगर स्थित होटल मामला शिरसाट की जांच के घेरे में आ गया है। आयकर विभाग का नोटिस आने के बाद संजय राउत ने सोशल मीडिया पर शिरसाट के बेडरूम का वीडियो शेयर करके तहलका मचा दिया।

## वीडियो में क्या?

संजय राउत की ओर से शेयर किए गए वीडियो में संजय शिरसाट के बैग में नोटों का बंडल देखा जा सकता है। शिरसाट बेडरूम में बैठे नजर आ रहे हैं। उनके बगल में एक बैग पड़ा हुआ है और इस बैग में नोटों का बंडल दिखाई दे रहा है। इस दौरान शिरसाट अपने बेडरूम में बनियान पहने बैठे थे। हालांकि शिरसाट ने साफ किया कि राउत को बैग में सिर्फ.पैसे ही दिखाई देते हैं। उन्हें हर जगह सिर्फ.पैसे ही दिखाई देते हैं। मैं कहीं से यात्रा करके आया हूं और कपड़ों के बैग इधर-उधर पड़े हैं।

## शिरसाट ने दी चेतावनी

अब शिरसाट ने चेतावनी दी है कि वह संजय राउत की ओर से शेयर किए गए इस वीडियो पर सीधे मानहानि का दावा करेंगे। संजय शिरसाट ने कहा कि इस मॉर्फ वीडियो का इस्तेमाल मुझे बदनाम करने के लिए किया गया।

# विवेक कुमार गुप्ता ने पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार संभाला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई, भारतीय रेल इंजीनियर्स सेवा (आईआरएसई) के 1988 बैच के वरिष्ठ अधिकारी श्री विवेक कुमार गुप्ता ने शुक्रवार, 11 जुलाई, 2025 को पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक का कार्यभार ग्रहण कर लिया। पश्चिम रेलवे के महाप्रबंधक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले वे नेशनल हाई स्पीड रेल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एनएचएसआरसीएल) के प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत थे, इस संगठन को भारत की पहली बुलेट ट्रेन परियोजना के क्रियान्वयन का दायित्व सौंपा गया है। श्री गुप्ता ने रेलवे बोर्ड, रेल मंत्रालय में प्रधान कार्यपालक निदेशक/गति-शक्ति के रूप में कार्य किया है, जहाँ वे पीएम गति-शक्ति पहल के तहत स्टेशन विकास सहित सभी प्रमुख रेल परियोजनाओं की योजना और क्रियान्वयन के लिए एकीकृत इकाई के रूप में कार्यरत सात (07) विभागों - सिविल (निर्माण, परियोजना निगरानी और स्टेशन विकास), विद्युत (आरई), सिगनल और दूरसंचार, यातायात, वित्त, योजना और आर्थिक निदेशालयों के एकीकृत कामकाज के लिए उत्तरदायी थे।श्री गुप्ता, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण), मुख्य ट्रैक इंजीनियर, मुख्य पुल इंजीनियर और मंडल रेल प्रबंधक जैसे कई प्रतिष्ठित पदों पर पश्चिम रेलवे और मध्य रेलवे में कार्यरत रहे हैं। इन पदों पर उन्होंने नई लाइन निर्माण, गेज परिवर्तन, दोहरीकरण और मल्टी-ट्रैकिंग परियोजनाओं, ट्रैक निर्माण कार्यों, यातायात सुविधाओं और पुल रखरखाव सहित महत्वपूर्ण बुनियादी ढाँचे के कार्यों का पर्यवेक्षण किया। मुंबई रेलवे विकास कॉरपोरेशन (एमआरवीसी) में मुख्य इंजीनियर के रूप में कार्य करते हुए श्री गुप्ता ने लगभग ?20,000 करोड़ की संचयी परियोजना मूल्य वाली एमयूटीपी क, कक और ककक परियोजनाओं के समन्वय और कार्यान्वयन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने ?34,000 करोड़ की एमयूटीपी 3ए परियोजना के प्रारंभिक कार्य का भी नेतृत्व किया। उनकी जिम्मेदारियों में योजना और कार्यान्वयन के मामलों में विश्व बैंक, एआईआईबी, एमएमआरडीए, सिडको और महाराष्ट्र सरकार जैसी विभिन्न एजेंसियों के साथ व्यापक समन्वय कार्य शामिल था। मध्य रेलवे के भुसावल मंडल के मंडल रेल प्रबंधक (अप्रैल 2019 से अगस्त 2021) के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने संरक्षा, बुनियादी ढांचे में सुधार, कर्मचारी कल्याण, ग्राहक संतुष्टि और व्यय नियंत्रण और राजस्व सृजन पर ध्यान केंद्रित करते हुए कुशल संचालन सुनिश्चित किया श्री गुप्ता को रेल परिचालन, बुनियादी ढाँचे के प्रबंधन तथा परियोजनाओं के क्रियान्वयन का समृद्ध अनुभव प्राप्त है। वे अधिकारियों और कर्मचारियों के बीच समान रूप से सम्मानित हैं और पूरा विश्वास है कि उनके दूरदर्शी नेतृत्व में पश्चिम रेलवे नई ऊँचाइयों को प्राप्त करेगी।

# मुंबई में 1150 मस्जिदों, 48 मंदिरों समेत पूरे महाराष्ट्र से हटाए गए 3367 लाउडस्पीकर

**मुंबई के साथ-साथ राज्यभर के धार्मिक स्थलों से 3367 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। मुंबई को लाउडस्पीकर मुक्त कर दिया गया है। ऐसा दावा शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में की है। सदन में उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मुंबई में 1150 मस्जिदों, 48 मंदिरों, 10 चर्च, 4 गुरुद्वारा और अन्य 148 जगहों से लाउडस्पीकर हटाए गए हैं।**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबईः मुंबई के साथ-साथ राज्यभर के धार्मिक स्थलों से 3367 लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। मुंबई को लाउडस्पीकर मुक्त कर दिया गया है। ऐसा दावा शुक्रवार को मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने विधानसभा में की है। सदन में उन्होंने कहा कि उन्होंने कहा कि मुंबई में 1150 मस्जिदों, 48 मंदिरों, 10 चर्च, 4 गुरुद्वारा और अन्य 148 जगहों से लाउडस्पीकर हटाए गए हैं। लाउडस्पीकर के बाबत एसओपी में बदलाव किए जाएंगे। इस अनुसार जिस पुलिस स्टेशन क्षेत्र में लाउडस्पीकर लगेंगे तो उस पुलिस स्टेशन का इंचार्ज जवाबदार होगा।शुक्रवार को विधानसभा में बीजेपी के विधायक सुधीर मुनगंटीवार ने धार्मिक स्थलों पर लगे लाउडस्पीकर पर सरकार का ध्यान खींचा।

# एनसीपी विधायक रोहित पवार के खिलाफ ईडी ने दाखिल की सप्लीमेंट्री चार्जशीट, एमएससीबी घोटाले से जुड़ा है मामला

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने राकांपा नेता रोहित पवार के खिलाफ महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक घोटाले में पूरक चार्जशीट दाखिल की है। रोहित पवार शरद पवार के पौत्र हैं। ईडी ने पहले रोहित पवार के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी की थी और उनकी कंपनी बारामती एग्रो की संपत्तियां जब्त की थीं। आरोप है कि बारामती एग्रो ने कन्नड़ सहकारी चीनी मिल की संपत्तियां नीलामी में धांधली से हासिल की थीं।


**पश्चिम रेलवे**

**बायो-डाइजेस्टर टैंक्स की ओवरहॉलिंग**

मुख्य कार्यशाला प्रबंधक, कैरिएज मरम्मत कार्यशाला, पश्चिम रेलवे, एन. एम. जोशी मार्ग, लोअर परेल, मुंबई – 13 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : डब्ल्यूआर-पीएल-एमई-ईएसटी-594566-ए, दिनांक : 11.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य का नाम** : कार्य के विस्तार के अनुसार लोअर परेल वर्कशॉप में पीओएच के दौरान बायो-डाइजेस्टर टैंकों की ओवरहालिंग. **अनुमानित लागत** : रु. 2,12,13,867.36. **ईएमडी** : रु. 2,56,100/- . **ई-निविदा ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय** : 01.08.2025 को 13.00 बजे तक. **ई-निविदा का खुलना** : 01.08.2025 को 13.00 बजे. बोली प्रपत्र तथा अन्य विवरण जैसे कि शुद्धिपत्र आदि वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं. 0391

Like us on : facebook.com/WesternRly



**पश्चिम रेलवे**

**सामग्री प्रबंधन विभाग**

**विभिन्न सामग्रियों की आपूर्ति**

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना क्र. एस/44/2025 दिनांकः 11.07.2025**

| क्र | आइटम का संक्षिप्त विवरण | मात्रा | टी.ओ.डी. |
|---|---|---|---|
| 373 | ड्राय टाइप पावर डिस्ट्रीब्यूशन ट्रांसफॉर्मर 60 केवीए | 58 नग | 08-अगस्त-25 |
| 374 | डिस्ट्रीब्यूटर वॉल्व सीउडब्ल्यू या केईओ प्रकार | 1385 नग | 08-अगस्त-25 |
| 375 | मॉडिफाइड इलास्टोमेरिक पैड (डिज़ाइन-ए) | 209207 नग | 08-अगस्त-25 |
| 376 | बीएलसी वैगन हेतु ऑटोमैटिक ट्विस्ट लॉक | 3530 नग | 08-अगस्त-25 |
| 377 | आईपी-आधारित वीडियो सर्विलांस सिस्टम की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और क्रियान्वयन | 810 सेट | 11-अगस्त-25 |
| 378 | डब्ल्यूएपी-7 लोको हेतु डैम्पर्स (शॉक एब्जॉर्बर) का सेट | 25 सेट | 12-अगस्त-25 |
| 379 | पीयू लाइनिंग का सेट | 23819 सेट | 22-सितंबर-25 |
| 380 | टू-पार्ट स्लाइडिंग डोर अरेंजमेंट | 1271 नग | 23-सितंबर-25 |

**शुद्धिपत्र**

कृपया निविदा सूचना क्र.: एस-36-2025 दिनांक 12-06-2025 के लिए क्रमांक 309 की निविदा की अंतिम तिथि को "11.08.2025" के रूप में पढ़ा जाए.

ईएमडी, खरीद प्रतिबंध तथा विस्तृत निविदा शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट **www.ireps.gov.in** और **wr.indianrailways.gov.in** का अवलोकन करें. 0393

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


# खड़की में नए प्लेटफॉर्म के प्रावधान के संबंध में दिनांक 13.07.2025 को नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्यों के लिए विशेष ब्लॉक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मध्य रेल का पुणे मंडल दिनांक 13.07.2025 (रविवार) को खड़की स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म के प्रावधान के संबंध में लोनावला-पुणे खंड में नॉन-इंटरलॉकिंग (एनआई) कार्यों के लिए विशेष ब्लॉक परिचालित कर रहा है।

ये ब्लॉक दिनांक 13.07.2025 (रविवार) को 00.01 बजे से 17.00 बजे तक लिए जाएँगे।

दिनांक 12.07.2025 और 13.07.2025 (रविवार) को मुंबई से आने/जाने वाली/गुजरने वाली मेल/एक्सप्रेस ट्रेनों पर निम्नलिखित प्रभाव होंगेः

दिनांक 12.07.2025, यात्रा आरम्भ की तिथी को मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का रेगुलेशन

ट्रेन संख्या 11302 बेंगलुरु-सीएसएमटी उद्यान एक्सप्रेस 30 मिनट के लिए रेगुलेट की जाएगी।

ट्रेन संख्या 16332 तिरुवनंतपुरम-सीएसएमटी एक्सप्रेस 1 घंटा 30 मिनट के लिए रेगुलेट की जाएगी।

ट्रेन संख्या 20495 जोधपुर-हडपसर एक्सप्रेस 40 मिनट के लिए रेगुलेट की जाएगी।

ट्रेन संख्या 22194 ग्वालियर-दौंड एक्सप्रेस 30 मिनट के लिए रेगुलेट की गई है

मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का शॉर्ट टर्मिनेशन/ओरिजनेशन

ट्रेन संख्या 11140 होसपेट-सीएसएमटी एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ की तिथी 12.07.2025) को पुणे में शॉर्ट टर्मिनेट की जाएगी

ट्रेन संख्या 11029 सीएसएमटी-कोल्हापुर एक्सप्रेस (यात्रा आरम्भ की तिथी 13.07.2025) को पुणे से शॉर्ट ओरिजनेट की जाएगी (निर्धारित प्रस्थान 12.40 बजे)

दिनांक 13.7.2025 को प्रारंभ होने वाली मेल और एक्सप्रेस ट्रेनों का रिशेड्यूल

ट्रेन संख्या 22159 सीएसएमटी-चेन्नई एक्सप्रेस को 13.45 बजे रिशेड्यूल (12.45 बजे के बजाय) किया जाएगा

ट्रेन संख्या 17222 एलटीटी-काकीनाडा एक्सप्रेस 13.45 (13.15 बजे के बजाय) बजे रिशेड्यूल की जाएगी ।

ट्रेन संख्या 16331 सीएसएमटी-तिरुवनंतपुरम एक्सप्रेस 22.35 बजे रिशेड्यूल की जाएगी (20.35 बजे के बजाय)

ट्रेन संख्या 22943 दौंड-इंदौर एक्सप्रेस 15.40 बजे रिशेड्यूल (14.10 बजे के बजाय) की जाएगी

ट्रेन संख्या 11008 पुणे-सीएसएमटी डेक्कन एक्सप्रेस 01घंटा .30मिनट से रिशेड्यूल की जाएगी।

यात्रियों से आग्रह है कि वे ट्रेन परिचालन में होने वाले परिवर्तनों पर ध्यान दें और इससे होने वाली असुविधा के लिए रेलवे प्रशासन को सहयोग दें।

# शख्स को रील बनाना पड़ा भारी, 300 फुट गहरी खाई में गिरी कार; पुलिस जांच में जुटी

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई। आजकल लोगों का रील बनाने के लिए किसी भी हद तक जाना उनको परेशानी में डाल रहा है। ऐसा एक मामला महाराष्ट्र से सामने आया है, यहां के एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल सदावघपुर में रील बनाने के लिए स्टंट कर रहा शख्स कार के साथ 300 फीट गहरी खाई में गिर गया।रील के उसने एक स्टंट किया, और सबने देखा। गाड़ी चलाने वाला कोई स्टंटमैन नहीं था, और अंत वैसा नहीं हुआ जैसा उसने सोचा था। कार 300 फुट गहरी खाई में गिर गई। ड्राइवर बच गया, लेकिन उसे गंभीर चोटें आईं।रील के लिए किया गया यह स्टंट सिर्फ. छह सेकंड का था और महाराष्ट्र के एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल सदावघपुर में एक आपदा में तब्दील हो गया। बीस वर्षीय साहिल जाधव और उसके चार दोस्त एक पहाड़ी पर थे, जो घाटी के मनोरम दृश्यों के लिए प्रसिद्ध है। साहिल के दोस्त हुंडई वेन्यू से उतरे और कार को रिवर्स में डालकर एक स्टंट किया, कार को एक गोलाकार में घुमाया, लेकिन हुंडई वेन्यू चट्टान से फिसलकर 300 फुट गहरी खाई में गिर गई।रिकॉर्ड कर रहा आदमी चिल्लाया, और वीडियो रुक गया। साहिल को बचा लिया गया, लेकिन वह घायल हो गया। उसका इलाज चल रहा है


**पश्चिम रेलवे**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुंबई सेंट्रल मंडल, पश्चिम रेलवे
मंडल रेल प्रबंधक, वाणिज्य विभाग, एनएफआर अनुभाग, मुंबई सेंट्रल – मुंबई – 400 008

कार्य – मुंबई मंडल में विभिन्न एनएफआर मीडिया के जरिये विज्ञापनों का प्रदर्शन

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVTM25-21 | 28.07.2025 को 14.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | MSS-BCT-GMN-BS-71-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | गोरेगांव स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 28-07-25 14:30:00 |
| 2 | MSS-BCT-STC-BS-68-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | सांताक्रूज स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 28-07-25 14:40:00 |
| 3 | MSS-BCT-VLP-BS-69-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | विलेपार्ले स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 28-07-25 14:50:00 |
| 4 | MSS-BCT-KILE-BS-72-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | कांदिवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 28-07-25 15:00:00 |
| 5 | MSS-BCT-BVI-BS-70-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | बोरीवली स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 28-07-25 15:10:00 |
| 6 | MSS-BCT-ADH-BS-67-25-1 (Misc-Static-Services - Battery swapping stations) | अंधेरी स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग स्टेशन (बीएसएस) के विकास, संचालन और अनुरक्षण हेतु अनुबंध. | 1096 | 28-07-25 15:20:00 |
| 7 | MSS-BCT-NVS-PrKiosk-50- 25-1(Misc-Static-Services Promotional Kiosk) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नवसारी स्टेशन (एनवीएस) स्टेशन पर प्रमोशनल कियोस्क/प्रॉडक्ट डिसप्ले के जरिए वाणिज्य विज्ञापनों के अनुबंध हेतु ई-नीलामी. | 1096 | 28-07-25 15:30:00 |
| 8 | MSS-BCT-CCG-MedStn-73- 25-1 (Misc-Static-Services Medical facilities at station) | 5 वर्षों की अवधि हेतु चर्चगेट (सीसीजी) रेलवे स्टेशन पर आपातकालीन चिकित्सा कक्ष के जरिए चौबीस घंटे चिकित्सा सुविधाएं प्रदान करना. | 1826 | 28-07-25 15:40:00 |

| नीलामी पुस्तिका क्र. | नीलामी का आरंभ (सभी लॉट्स) |
|---|---|
| MMCT-ADVT-25-22 | 28.07.2025 को 15.00.00 बजे |

| अ. क्र. | लॉट क्र. | स्थान /एरिया | दिवस | ई-नीलामी बंद होने की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ADVT-BCT-BVI-OH-365-25-1 (Advertising-Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु आकार 20'x20'(1) = 400 वर्गफीट के, गांजावाला लेन से आनेवाले यातायात और पश्चिम उन्मुख, एसएसई (पी.वे) – बीवीआई के कम्पाउंड में, बोरीवली स्टेशन पश्चिम में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 28-07-25 15:30:00 |
| 2 | ADVT-BCT-NIG-OH-366-25-1 (Advertising-Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 1600 वर्गफीट के कुल एरिया के, V-आकृति के आकार 20'x20' (2) के 02 होर्डिंग स्ट्रक्चर्स – नायगांव रोड ओवर ब्रिज पर नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 28-07-25 15:40:00 |
| 3 | ADVT-BCT-NSP-OH-351-25-1 (Advertising-Out of Home) | 07 वर्षों की अवधि हेतु 600 वर्गफीट के कुल एरिया (बुकिंग कार्यालय के कतार क्षेत्र से संलग्न उत्तर पूर्व परिसंचरण क्षेत्र में आकार 20'x10' के 03 होर्डिंग्स) के, नालासोपारा में नये होर्डिंग स्ट्रक्चर्स के उत्थापन के जरिए विज्ञापन के प्रदर्शन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 2557 | 28-07-25 15:50:00 |
| 4 | ADVT-BCT-NDB-OSN-417-25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु नंदूरबार (एनडीबी) स्टेशन हेतु थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28-07-25 16:00:00 |
| 5 | ADVT-BCT-MEL-OSN-154-24-1 (Advertising On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मरीन लाइंस (एमईएल) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28-07-25 16:10:00 |
| 6 | ADVT-BCT-ADH-OSN-393- 24-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु फूट ओवर ब्रिजेस और सीढ़ियों की लैंडिंग्स पर अंधेरी (एडीएच) स्टेशन पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28-07-25 16:20:00 |
| 7 | ADVT-BCT-MMCT-OSN-401- 25-1 (Advertising - On Station Premise (Non-Digital)) | 3 वर्षों की अवधि हेतु मुंबई मंडल, पश्चिम रेलवे के विभिन्न स्टेशनों पर लिफ्ट्स पर थोक विज्ञापन अधिकार. | 1096 | 28-07-25 16:30:00 |

**टिप्पणी** : संभावी बोलीकर्ताओं से अनुरोध है कि वे आईआरईपीएस वेबसाइट (**www.ireps.gov.in**) पर ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल का अवलोकन करें. लॉट अनुसार विवरण निर्दिष्ट पुस्तिका अंतर्गत उपलब्ध है. 0390

Like us on: facebook.com/WesternRly • Follow us on: X.com/WesternRly


# प्रधानमंत्री ने रोजगार मेले को संबोधित किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- **विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों के लिए 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए**
- **पश्चिम मध्य रेल में नवनियुक्त भर्तियों के लिए लगभग 350 नियुक्ति पत्र वितरित किए गए**



जबलपुर ।प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रोजगार मेले को संबोधित किया और विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त भर्तियों के लिए 51,000 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए। देश भर में चुने गए नए कर्मचारी राजस्व विभाग, वित्तीय सेवा, रेल, रक्षा, डाक, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम, जल संसाधन, कार्मिक और प्रशिक्षण और गृह मंत्रालय सहित विभिन्न मंत्रालयों और विभागों में शामिल हुए। 16वां रोजगार मेला में देश भर के 47 स्थानो को प्रधानमंत्री ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया ।इसी कड़ी में पश्चिम मध्य रेलवे में भी रोजगार मेले के अवसर पर जबलपुर एवं भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में लगभग 350 से अधिक नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। जबलपुर मण्डल में आयोजित रेलवे सामुदायिक भवन उत्सव मदन महल, स्थानीय कार्यक्रम में माननीय विधायक श्री अजय विश्नोई, माननीय विधायक श्री अशोक रोहाणी, माननीय विधायक श्री अभिलाष पाण्डेय विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने 102 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इनमें से 82 अभ्यर्थी रेलवे विभाग से तथा 20 अभ्यर्थी अन्य केंद्रीय विभागों जैसे हायर एजुकेशन, सर्वे ऑफ इंडिया, डिफेंस, माइनिंग एवम बैंकिंग, माइनिंग इत्यादि से संबंधित थे । भोपाल मण्डल में आयोजित रेलवे ऑडिटोरियम, न्यू नर्मदा क्लब, रानी कमलापति स्टेशन के सामने, भोपाल के कार्यक्रम में माननीय केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा रेलवे विभाग के 201 तथा 60 अन्य केंद्रीय विभागों (जैसे बैंकिंग, सीआईएसएफ, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, डाक विभाग आदि) कुल 261 नियुक्ति पत्र वितरित किए। इस अवसर पर माननीय लोक सभा सांसद श्री अलोक शर्मा एवं माननीय विधायकगण सहित सम्मानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। रेल प्रशासन की तरफ से मण्डल रेल प्रबंधक श्री देवाशीष त्रिपाठी एवं वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम को सफल बनने में कार्मिक एवं अन्य विभाग के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों की अहम भूमिका रही। रोजगार मेला रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। उम्मीद है कि रोजगार मेला रोजगार सृजन को आगे बढ़ाने और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करने में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा।

## एमएमआरडीए तुगलकी कारभार और लोगों की समस्या का समाधान निकालने की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , ठाणे से कासर वडवली मेट्रो-4 के घोड़बंदर रोड पर ओवाला और कासर वडवली स्टेशनों का निर्माण कार्य लगभग पूरा हो चुका है। घोड़बंदर रोड मुख्य सड़क को सर्विस रोड में मिलाने के कार्य के कारण इन स्टेशनों तक आने-जाने के लिए सीढ़ियों का निर्माण कार्य जोरों पर है। एमएमआरडीए के तुगलकी कारभार की यह बात शिवसेना ठाकरे गुट के ओवला-माजीवाड़ा विधानसभा संपर्क प्रमुख नरेश मनेरा ने एक लिखित पत्र के माध्यम से एमएमआरडीए महानगर आयुक्त के ध्यान में लाई है।ठाणे-कासर वडवली मेट्रो-4 के घोड़बंदर रोड पर ओवला और कासर वडवली स्टेशनों का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। मेट्रो-4 का काम पिछले कुछ वर्षों से चल रहा है और पिछले साल घोड़बंदर मुख्य मार्ग को दोनों सर्विस रोड के साथ मिलाने का काम शुरू किया गया था। मेट्रो और घोड़बंदर रोड और सर्विस रोड को मिलाने का काम एमएमआरडीए द्वारा किया जा रहा है। उन्होंने कहा है कि इन सीढ़ियों का खर्च बर्बाद होगा, तो इस नुकसान के लिए तुकलकी प्रशासन जिम्मेदार होगा। नरेश मनेरा ने पत्र में यह सवाल भी उठाया है। इसी तरह, घोड़बंदर मुख्य मार्ग और सर्विस रोड के विलय से दोनों तरफ घोड़बंदर की सड़कें वन-वे हो जाएंगी, इसलिए इस सड़क से सटी हाउसिंग सोसाइटियों के दोपहिया और चार पहिया वाहन चालकों के लिए सड़क पर आना-जाना न केवल बेहद खतरनाक और असुरक्षित होगा, बल्कि चालकों का समय और ईंधन भी बर्बाद होगा। इसके लिए नरेश मनेरा ने महानगर आयुक्त से घोड़बंदर मर्जर रोड के दोनों ओर कम से कम नौ मीटर की सर्विस रोड उपलब्ध कराने तथा संबंधित अधिकारियों को स्थल का निरीक्षण कर आगे की उचित कार्रवाई करने का आदेश देने का भी अनुरोध किया है।

# यूनेस्को ने मराठा मिलिट्री लैंडस्केप ऑफ इंडिया के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को विश्व धरोहर सूची में शामिल किया

### एडवोकेट निखिल वालेकर के नेतृत्व में शिवसैनिकों ने मिठाई बाटकर खुशी का इजहार किया।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ. शुक्रवार की शाम को पेरिस स्थित यूनेस्को के मुख्यालय में विश्व धरोहर समिति के सदस्यों द्वारा एक कार्यक्रम में मराठा मिलिट्री लैंडस्केप ऑफ इंडिया के तहत छत्रपति शिवाजी महाराज के 12 किलों को यूनेस्को विश्व धरोहर सूची में शामिल कर लिया। इसमें से 11 किले महाराष्ट्र और एक किला तमिलनाडु में है। यूनेस्को के इस फैसले से मराठा साम्राज्य और हिंद स्वराज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के पराक्रम, प्रतिष्ठा और मराठा साम्राज्य के गौरवशाली इतिहास की गूंज सात समुद्र पार भी फैल गई है। महाराष्ट्र के पराक्रम और सांस्कृतिक गौरवशाली इतिहास के साक्षी इन 12 किलों को यूनेस्को द्वारा 'विश्व धरोहर स्थल' की मान्यता मिलने से संपूर्ण देश के साथ साथ महाराष्ट्र में शिवा भक्तों और विशेषकर शिवसैनिकों में उत्साह की लहर दौड़ गई है। धरोहर स्थलों की सूची में महाराष्ट्र के 11 किले शामिल हैं - रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, पन्हाला, शिवनेरी, लोहागढ़, सलहेर, सिंधुदुर्ग, विजयदुर्ग, सुवर्णदुर्ग, खंडेरी और तमिलनाडु में 1 जिंजी का किला शामिल किया गया है।। इस ऐतिहासिक उपलब्धि के लिए शनिवार 12 जुलाई को शिवसेना के पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने अंबरनाथ पूर्व स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज चौक पर शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर सम्मान प्रकट किया और मिष्ठान का वितरण कर अपनी खुशी का इजहार किया। शिव सैनिकों ने इसके लिए केंद्र और राज्य सरकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस, उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, अजित पवार ,संबंधित मंत्रीगण और अधिकारियों को बधाई दी गई और शिवभक्तों का आभार व्यक्त किया गया।


इस अवसर पर कल्याण भिवंडी लोकसभा क्षेत्र के युवासेना निरीक्षक एडवोकेट निखिल अरविन्द वालेकर, वुमन सिटी ऑर्गेनाइजर नीता परदेशी, पूर्व नगरसेवक राजेश शिर्के, अरुण कुमार सिंह, पद्माकर दिघे, उपशहर प्रमुख अरविंद मालुसरे, प्रकाश डावरे सर, विभाग प्रमुख भरत पेटकर, युवा सेना शहर अध्यक्ष स्वप्निल भामरे, कार्यक्रम समन्वयक दीपक पवार, अजय गरकर, निकेत सिंह, सागर शिंदे, मनीष अकेले, आकाश चलवादी, नवीन नायर, हर्षल पाटिल, अविनाश लोंढे, आशीष पानसरे, ऋषि इंगावले, हर्षाली इंगले, स्नेहल कांबले एवं शिवसैनिक, युवा सैनिक, शिवभक्त कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

फास्ट ट्रैक

## ढाई साल की बच्ची तालाब में डूबी

### सीसीटीवी में तालाब की तरफ जाते दिखी, 20 घंटे बाद मिला शव

शाहजहांपुर, थाना कांट क्षेत्र में एक दुखद घटना सामने आई। नगला बनवारी निवासी ब्रजेश की ढाई वर्षीय बेटी दीप शिखा की तालाब में डूबने से मौत हो गई। बच्ची अपने घर के पास खेल रही थी। कुछ देर बाद वह लापता हो गई। परिजनों ने आसपास तलाश की, लेकिन कहीं नहीं मिली। पास के जनसेवा केंद्र के सीसीटीवी फुटेज में बच्ची तालाब की दिशा में जाती हुई दिखाई दी। मछली पकड़ने का जाल भी डाला इसके बाद परिजनों ने तालाब में तलाश शुरू की। गोताखोरों की मदद ली गई। मछली पकड़ने का जाल भी डाला गया। रात 2 बजे तक खोजबीन जारी रही, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। शनिवार सुबह फिर से तलाश शुरू की गई। कुछ देर बाद बच्ची का शव तालाब में उतराता हुआ मिला। गोताखोरों ने शव को बाहर निकाला। शव की पहचान होते ही परिवार में कोहराम मच गया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



## गांजा तस्करी का भंडाफोड़

### पति-पत्नी समेत तीन के खिलाफ केस दर्ज, दो गिरफ्तार; ढाई किलो गांजा बरामद

जलालाबाद, पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्करी के मामले में बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने नूरपुर करहई मार्ग पर आरआरसी सेंटर के पास से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपी पिंटू उर्फ प्रदीप कुमार और गुलशन, दोनों फरुर्खाबाद के रहने वाले हैं। पिंटू से 1.5 किलो और गुलशन से 1.1 किलो गांजा बरामद हुआ है। तीसरा आरोपी राजीव गुप्ता फरार है। पुलिस ने उसके घर और संभावित ठिकानों पर दबिश दी, लेकिन वह नहीं मिला। पूछताछ में पता चला कि आरोपी जलालाबाद के राजीव गिहार से सस्ते दाम में गांजा खरीदते थे। इसे होटल-ढाबों और ट्रक चालकों को ऊंचे दाम पर बेचकर मोटा मुनाफा कमाते थे। आरोपियों ने बताया कि वे लंबे समय से यह धंधा कर रहे थे। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है।

## डाकघर में जमा पैसों में गड़बड़ी

### जलालाबाद में बाबू ने फर्जी रसीदें देकर किया घोटाला, चार दिन से फरार

शाहजहांपुर, जिले के अल्लाहगंज में डाकघर का एक बाबू ग्राहकों के पैसों में हेराफेरी कर फरार हो गया है। बाबू पर आरोप है कि वह इंटरनेट खराब होने का बहाना बनाकर ग्राहकों से पैसे लेता था और बाद में रसीद देता था। कस्बे के गोविंद सिंह ने बताया कि उन्होंने कुछ दिन पहले डाकघर में पैसे जमा किए थे। बाबू ने इंटरनेट न चलने का बहाना बनाकर दो दिन बाद रसीद दी। जब उन्होंने जांच की तो पता चला कि उनका पैसा जमा ही नहीं हुआ है। कुछ लोगों ने आरडी खाता खोलकर पैसे जमा किए थे। आरडी पूरी होने के बाद भी उन्हें पैसे नहीं मिल रहे हैं। जांच में पता चला कि उनके पैसे खातों में जमा ही नहीं किए गए। आरोपी बाबू कस्बे के ज्यादातर ग्राहकों का लेन-देन देखता था। वह पिछले चार दिनों से फरार है और उसका मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ है। इस घटना से कई ग्राहक परेशान हैं। हालांकि अभी तक किसी ने पुलिस में शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

## राज्य परिवहन निगम ने 9 लाख 71 हजार श्रद्धालुओं और यात्रियों को विट्ठल दर्शन कराए - प्रताप सरनाईक

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



ठाणे , आषाढ़ी यात्रा के अवसर पर, राज्य परिवहन निगम ने 5200 अतिरिक्त बसों के माध्यम से 9 लाख 71 हजार 683 श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुरक्षित रूप से पहुँचाया और उन्हें विट्ठल दर्शन कराए। इस सेवा से राज्य परिवहन निगम को 35 करोड़ 87 लाख 61 हजार रुपये की आय हुई है। यह जानकारी परिवहन मंत्री और राज्य परिवहन निगम के अध्यक्ष श्री प्रताप सरनाईक ने दी है। मंत्री सरनाईक ने कहा कि आषाढ़ी यात्रा के अवसर पर, महाराष्ट्र के सबसे पूज्य देवता विठुरैया के दर्शन के लिए पूरे महाराष्ट्र से बड़ी संख्या में श्रद्धालु और यात्री श्रीक्षेत्र पंढरपुर आते हैं। राज्य परिवहन निगम ने इन श्रद्धालुओं और यात्रियों को उनके गाँवों से पंढरपुर पहुँचाने के लिए 5 हजार 200 अतिरिक्त बसें उपलब्ध कराई थीं। 3 से 10 जुलाई के बीच, इन बसों ने 21,499 चक्कर लगाए और 9,71,683 श्रद्धालुओं और यात्रियों को सुरक्षित रूप से पहुँचाया। इससे एसटी निगम को 35 करोड़ 87 लाख 61 हजार रुपये की आय हुई है। जो पिछले वर्ष प्राप्त आय से 6 करोड़ 96 लाख 3 हजार रुपये अधिक है। वर्ष 2024 में आषाढ़ी यात्रा की कुल आय 28 करोड़ 91 लाख 58 हजार रुपये हुई थी। निःसंदेह, हजारों ड्राइवर, कंडक्टर, यांत्रिक कर्मचारी और उनका मार्गदर्शन करने वाले तथा लाखों श्रद्धालुओं की मंदिर में सुरक्षित यात्रा सुनिश्चित करने वाले पर्यवेक्षक और अधिकारी बधाई के पात्र हैं ! इस अवसर पर मंत्री सरनाईक ने कहा।आषाढ़ी यात्रा के दौरान पंढरपुर आने वाले एसटी कर्मचारियों और अधिकारियों को भोजन की कमी के कारण किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए परिवहन मंत्री और एसटी निगम के अध्यक्ष प्रताप सरनाईक ने 5, 6 और 7 जुलाई को अपने खर्चे पर निःशुल्क भोजन, चाय और नाश्ते की व्यवस्था की थी। हजारों एसटी कर्मचारियों ने इसका लाभ उठाया। सभी एसटी कर्मचारियों ने इसके लिए मंत्री सरनाईक का आभार व्यक्त किया है।

## अंबरनाथ के दि एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित बाल भवन मराठी प्राथमिक विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का उत्सव मनाया गया

### कार्यक्रम में अश्विनी साठे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अंबरनाथ.अंबरनाथ के दि एजुकेशन सोसाइटी द्वारा संचालित बाल भवन मराठी विद्यालय में गुरु पूर्णिमा का पर्व पूर्ण श्रद्धा और विश्वास के साथ गुरु की महिमा मंडन और बालक और व्यक्ति के जीवन में गुरु के महत्व को रेखांकित करते हुए मनाया गया। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर एक गुरु महिमा हेतु संस्कारित और ज्ञानोपयोगी कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में पनवेल से आई हुई शिक्षिका अश्विनी साठे ने कक्षा 1 से 4 तक के विद्यार्थियों को गुरु-शिष्यों की कहानियाँ, प्रेरक प्रसंगों और गुरु की महत्ता का वर्णन करते श्लोक प्रस्तुत किए। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि आपके माता-पिता ही आपके प्रथम गुरु हैं, उन्हें प्रणाम करें और जीवन में सफल होकर उन्हें खुश होने का अवसर प्रदान करें। अश्विनी साठे ने विद्यार्थियों को हँसते-खेलते बहुत ही रोचक और सरल तरीके से व्यक्ति के जीवन में गुरु के महत्व को समझाया उक्त कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्वलन द्वारा हुआ। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अतिथियों के लिए स्वागत गीत प्रस्तुत किया। बच्चों ने उक्त कार्यक्रम में अपनी प्रस्तुतियों से सभी का मन मोह लिया। भजन, गीत संगीत, कहानियों आदि की प्रस्तुतियों द्वारा अपनी प्रतिभा का मंचन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महोदया ने अपने प्रेरक संवाद कौशल से बच्चों में गुरुओं के प्रति आसक्ति और सम्मान का भाव उत्पन्न करने में योगदान दिया। कार्यक्रम का समापन धार्मिक विधिविधान द्वारा शांति मंत्र के साथ हुआ। कार्यक्रम का संचालन सुवर्णा करंजुले ने किया, अतिथियों का परिचय योगिता सोनवणे ने कराया तथा धन्यवाद ज्ञापन रमेश गोडे ने किया।इस कार्यक्रम में स्कूल की प्रधानाचार्या माधुरी जाधव तथा स्कूल के सभी छात्र एवं शिक्षक उपस्थित थे।

## बिजली संकट पर पंचायत बोर्ड की बैठक में सांसद सख्त

- ग्रामीण क्षेत्र में 5-6 घंटे ही सप्लाई, अधीक्षण अभियंता को फटकार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क





शाहजहांपुर, जिला पंचायत बोर्ड की बैठक में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना और सांसद अरुण सागर ने अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर नाराजगी जताई। कई अधिकारियों की अनुपस्थिति पर वित्तमंत्री ने स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए। सांसद अरुण सागर ने बिजली आपूर्ति की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने बताया कि सरकार के निर्देश हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में 18 घंटे और शहरी क्षेत्रों में 24 घंटे बिजली आपूर्ति की जाए। लेकिन ग्रामीण इलाकों में केवल 5-6 घंटे ही बिजली मिल रही है। ओवरलोडिंग के कारण वह भी बार-बार बाधित हो रही है। किसानों को सिंचाई में हो रही परेशानियों पर अधीक्षण अभियंता से जब स्पष्टीकरण मांगा गया तो वे संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। सांसद ने बिजली व्यवस्था में तत्काल सुधार के निर्देश दिए। बैठक में जल जीवन मिशन के तहत खोदी गई सड़कों की मरम्मत का मुद्दा भी उठा। ग्रामीणों को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए सड़कों की तुरंत मरम्मत के आदेश दिए गए। साथ ही, 15 फरवरी की पिछली बैठक में दिए गए निदेशों पर की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की गई।

# गुरुकुल में छात्र की मौत का मामला

### पुलिस की जांच में छात्रों के बीच विवाद आया सामने, पुलिस कर रही पूछताछ

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, रूद्रपुर स्थित गुरुकुल महाविद्यालय में एक छात्र की मौत के मामले में नई जानकारी सामने आई है। पुलिस जांच में पता चला है कि कन्नौज निवासी 13 वर्षीय अनुराग यादव की मौत साथी छात्रों के हमले से हुई। अनुराग को खून से लथपथ हालत में आचार्य और कर्मचारी अस्पताल लेकर आए थे, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के पिता ने गुरुकुल प्रशासन पर हत्या का आरोप लगाते हुए एफआईआर दर्ज कराई है। एसपी राजेश द्विवेदी के नेतृत्व में छह टीमें मामले की जांच कर रही हैं। घटनास्थल से कुछ डंडे बरामद हुए हैं। जांच में सामने आया कि कुछ छात्रों का अनुराग से विवाद हुआ था। हमलावरों ने वजनी वस्तु से हमला किया, जिससे उसके कान के पीछे की हड्डी टूट गई। पुलिस का मानना है कि घटना के समय उसके पास सो रहे अन्य छात्रों को इस घटना की जानकारी है। हमले के बाद वही छात्र भी वहीं सो गए ताकि किसी को शक न हो।

पुलिस कई छात्रों से पूछताछ कर रही है। पुलिस का मानना है कि गुरुकुल के स्टाफ का इस घटना में शामिल होना नही पाया गया है। आचार्य समेत प्रमुख कर्मचारियों से पूछताछ करने के बाद पुलिस ने उनको छोड़ दिया था। गुरुकुल में लगे सीसीटीवी चेक किए तो उसमे भी किसी बाहरी व्यक्ति का आना नहीं दिखा। उसके बाद पुलिस ने वहां के पढ़ने वाले छात्रों से पूछताछ की तो मौत से जुड़ी कुछ अहम जानकारी समाने आई । जिसमे ये तो साफ हो गया कि गुरुकुल के कुछ छात्रों ने उसके ऊपर हमला किया है, लेकिन हमला क्यों किया इसका पुलिस पता लगाने की कोशिश कर रही है। भाजपा विधायक सलोना कुशवाहा ने गुरुकुल का दौरा कर स्टाफ और छात्रों से मुलाकात की। उन्होंने थाना प्रभारी से निष्पक्ष जांच की मांग की है। एसपी ने आश्वासन दिया है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर दिया जाएगा।

## ग्राम समाज की जमीन पर अवैध कब्जा

### डीएम को निरीक्षण में मिला अवैध निर्माण, अतिक्रमण हटाने और जुमार्ना लगाने के आदेश

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने बरेली मोड़ स्थित मौजमपुर गांव का दौरा किया। यहां ग्राम समाज की भूमि पर अवैध कब्जे और निर्माण की शिकायतें मिल रही थीं। डीएम ने मौके पर पाया कि ग्रामसभा की भूमि पर अनधिकृत कब्जा कर उपयोग किया जा रहा है। उन्होंने तत्काल अवैध निर्माण को हटाने और भूमि को कब्जा मुक्त कराने के निर्देश दिए। साथ ही अतिक्रमणकताओं पर भारी जुमार्ना लगाने के आदेश भी जारी किए। डीएम ने मौजमपुर में एक अन्य सरकारी भूमि का भी निरीक्षण किया। वहां भी अवैध निर्माण की पुष्टि होने पर उन्होंने इसे हटाने और भूमि को खाली कराने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकारी और ग्रामसभा की जमीनें आमजन और सार्वजनिक हित के लिए हैं। इन पर किसी भी तरह का निजी अतिक्रमण स्वीकार नहीं किया जाएगा। जवाबदेही होगी तय भविष्य में ऐसी शिकायत मिलने पर जिम्मेदार अधिकारियों की भी जवाबदेही तय की जाएगी। डीएम ने राजस्व और ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को अपने क्षेत्रों में ग्रामसभा की भूमि का भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए। कहीं भी अवैध कब्जा मिलने पर तुरंत कार्रवाई करने को कहा।

## गंदगी मिलने पर सफाई कर्मी सस्पेंड

### एडीएम ने सफाई व्यवस्था जांची, सचिव और एडीओ पंचायत को लगाई फटकार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर , तिलहर में अपर जिलाधिकारी ( वित्त ) अरविन्द कुमार ने व्हाट्सएप पर शिकायत के बाद राजनपुर गांव का दौरा किया। ग्राम प्रधान और ग्रामीणों की शिकायत पर सफाई कर्मी महेंद्र यादव को सस्पेंड कर दिया गया। गांव में गंदगी का ढेर लगा मिला। एडीएम ने गांव का निरीक्षण किया। दूसरे सफाई कर्मी अभिषेक को स्कूल, पंचायत घर और गांव की सफाई की जिम्मेदारी दी गई। आरआरसी सेंटर में एक साल से कूड़ा कलेक्शन नहीं हुआ था। ई-रिक्शा का उपयोग भी बंद था। एडीएम ने सचिव और एडीओ पंचायत को फटकार लगाई। एक सप्ताह में 100 घरों से कूड़ा कलेक्शन का लक्ष्य तय किया। सम्बीलियन कन्या पूर्व माध्यमिक विद्यालय में 143 में से 110 बच्चे मौजूद थे। बच्चों ने पहाड़े और अन्य प्रश्नों के सटीक जवाब दिए। आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र की समस्या से नामांकन प्रभावित था। एडीएम ने अधिकारियों को इस समस्या का समाधान करने को कहा। विद्यालय में बिजली की समस्या के लिए एक्सईएन को तुरंत सुधार का निर्देश दिया। आरोग्य मंदिर हॉस्पिटल की व्यवस्था संतोषजनक मिली। पंचायत सहायक वंदना त्रिपाठी ने बताया कि 50 फैमिली आईडी बन चुकी हैं। बाकी फैमिली आईडी तीन दिन में बनाने का निर्देश दिया गया।

## यूपी में गले लगकर ट्रेन के आगे कूदे प्रेमी-प्रेमिका

- हाथ-पैर अलग, सिर दूर पड़ा था; लड़की शादी से पहले भागी, तब बहन ने लिए थे फेरे

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, प्रेमी-प्रेमिका ने गले लगकर चलती ट्रेन के आगे छलांग लगा दी। दोनों के चीथड़े उड़ गए। रेलवे ट्रैक पर हाथ-पैर शरीर से अलग पड़े थे। सिर छटक कर दूर चला गया था। शव की हालत ये थी कि शरीर के अंग पहचाने नहीं जा रहे थे। झाडू से अंगों को बटोरकर पालीथीन में भरा गया। दोनों प्रयागराज के रहने वाले थे। दिल्ली जाने का बहाना बनाकर सुसाइड के लिए ही मिर्जापुर आए थे। दोनों ने चडेरु चौकठा गांव के पास डाउन लाइन पर आ रही ट्रेन के आगे कूदे। घटना रेलवे ट्रैक के पोल संख्या 763/12-14 के पास की है। परिजनों ने 13 मई को लड़की की शादी तय की थी। शादी से 4 दिन पहले वह घर छोड़कर प्रेमी के साथ भाग गई। उसका प्रेमी दिल्ली में जॉब करता था। दोनों दिल्ली में किराए के मकान में रहने लगे। दोनों एक हफ्ते पहले ही प्रयागराज लौटे थे। पुलिस ने दोनों के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। प्रयागराज के थाना मांडा के महेवा कला गांव निवासी शुभम सोनकर (23) का चकडीहा गांव की अंजली (20) से 3 महीने से अफेयर था। दोनों के गांव की दूरी 5 किमी है। शुभम इन दिनों दिल्ली में मारुति कंपनी में प्राइवेट नौकरी कर रहा था। साथ ही आईटीआई की पढ़ाई भी करता था। एक हफ्ते पहले ही वह गांव आया था। मामा ने कहा- दिल्ली लौटने के लिए घर से किराया लिया शुभम के मामा पंचधारी सोनकर ने बताया- शुभम 3 भाइयों में दूसरे नंबर पर था। एक हफ्ते पहले घर आया था। बड़े भाई सत्यम से दिल्ली लौटने के लिए किराया भी लिया। रात में करीब 1 बजे पुलिस की कॉल आई, तब जाकर हादसे की जानकारी मिली। पिता बोला- मजबूरी में छोटी बिटिया के हाथ पीले किए लड़की के पिता राजेश वर्मा ने बताया- बिटिया अंजली उर्फ सुनयना छह भाई-बहनों में तीसरे नंबर पर थी।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# ट्रम्प के 40% टैरिफ लगाने पर म्यांमार ने खुशी जताई

## सैन्य नेता बोले- यह हमारे लिए सम्मान की बात, ट्रम्प के लीडरशिप की तारीफ की

एजेंसी

नेपीदॉ, ट्रम्प ने म्यांमार पर भी 40% टैरिफ लगा दिया है लेकिन फिर भी वहां के नेता इसे अपने लिए अच्छी खबर मान रहे हैं। म्यांमार के सैन्य प्रमुख मिन आंग ह्लाइंग ने ट्रम्प के टैरिफ लेटर को अपनी सैन्य सरकार के लिए इसे एक मान्यता के तौर पर देख रहे हैं। मिन आंग ह्लाइंग ने ट्रम्प के लेटर के जवाब में अंग्रेजी और बर्मी भाषाओं में एक लंबी चिट्ठी जारी की है। चिट्ठी में ह्लाइंग ने ट्रम्प की लीडरशिप की तारीफ की है और सैन्य सरकार के सत्ता कब्जाने को सही ठहराया है। उन्होंने कहा कि ह्यजैसे साल 2020 में अमेरिका में चुनाव में गड़बड़ी हुई थी, ठीक वैसे ही म्यांमार में भी चुनावी धोखाधड़ी हुई थी।ह्ल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पिछले कुछ दिनों से दुनिया के कई नेताओं को पत्र भेजकर उनके देशों के निर्यात पर टैरिफ बढ़ाने की चेतावनी दे रहे हैं। ट्रम्प के इस कदम से दुनिया के ज्यादातर देश परेशान हैं। लेकिन म्यांमार इसे एक मौके के रूप में देख रहा है। म्यांमार के सैन्य प्रमुख ह्लाइंग ने



इसका फायदा उठाते हुए ट्रम्प से अपील की है कि वे म्यांमार पर लगे प्रतिबंधों को हटाएं या कम करें, क्योंकि इससे दोनों देशों के हितों में दिक्कतें आती हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका को म्यांमार पर सिर्फ 10-20% का टैरिफ लगाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि म्यांमार अमेरिका की विशाल अर्थव्यवस्था से जुड़े रहना चाहता है और जरूरत पड़ी तो म्यांमार जल्द ही अमेरिका से बातचीत के लिए उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भेज सकता है। ट्रम्प की नीतियों की तारीफ करते हुए ह्लाइंग ने रेडियो फ्री एशिया और वॉयस ऑफ अमेरिका जैसे स्वतंत्र मीडिया संस्थानों की फंडिंग में कटौती करने के फैसले की तारीफ की। उन्होंने कहा कि ये मीडिया संस्थान ह्यसंघर्षों को और बढ़ा देते थे।ह्ल रेडियो फ्री एशिया और वॉयस ऑफ अमेरिका ने अब म्यांमार में बर्मी भाषा में प्रसारण बंद कर दिए हैं, क्योंकि ट्रम्प प्रशासन ने उनके लिए मिलने वाली सहायता रोक दी थी। अब इस पूरे घटनाक्रम में ट्रम्प का लेटर सैन्य शासन के लिए कूटनीतिक जीत की तरह प्रस्तुत किया जा रहा है। अमेरिकी न्यूज चैनल सीएनएन ने अमेरिकी दूतावास से इस पत्र को लेकर सफाई मांगी है कि क्या यह ट्रम्प प्रशासन की ओर से नीतिगत बदलाव का संकेत है, लेकिन अभी तक कोई आधिकारिक जवाब नहीं मिला है। गौरतलब है कि म्यांमार की सेना ने साल 2021 में आंग सान सू की की चुनी हुई सरकार को हटाकर देश पर कब्जा कर लिया था, जिससे म्यांमार गृहयुद्ध में फंस गया। इसके बाद अमेरिका ने म्यांमार के कई सैन्य नेताओं पर प्रतिबंध लगा दिए थे। मिन आंग ह्लाइंग ने 2021 में लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई आंग सान सू की की सरकार को हटाकर तख्तापलट किया था। अमेरिका और बाकी पश्चिमी देशों ने सैन्य सरकार को मान्यता नहीं दी है। म्यांमार की सैन्य सरकार फिलहाल रूस और चीन जैसे देशों की मदद पर निर्भर है। अमेरिका, यूरोपीय यूनियन और ब्रिटेन ने म्यांमार के सैन्य नेताओं पर प्रतिबंध लगा रखा है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इन्हें युद्ध अपराधों का दोषी मानता है। हालांकि ट्रम्प के टैरिफ लेटर के बाद अमेरिका और पश्चिमी देशों की नीति में बदलाव की अटकलें लगने लगी हैं। म्यांमार में गृहयुद्ध की शुरूआत 1 फरवरी, 2021 को हुए सैन्य तख्तापलट से हुई, जब सेना ने नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी (एनएलडी) की निर्वाचित सरकार को उखाड़ फेंका और आंग सान सू की सरकार के नेताओं को हिरासत में लिया। 2020 के चुनावों में एनएलडी की जीत को सेना ने धोखाधड़ी करार दिया, जिसके बाद व्यापक विरोध प्रदर्शन शुरू हुए।

# पाकिस्तान बोला-भारत 6 लड़ाकू विमान खोने की बात माने

## एनएसए डोभाल ने कहा था- ऑपरेशन सिंदूर में भारत के नुकसान की एक भी फोटो नहीं

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान ने शुक्रवार को फिर से भारत के 6 लड़ाकू विमानों को गिराने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया डॉन के मुताबिक विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान ने प्रेस ब्रीफिंग में भारत को लड़ाकू विमान गंवाने की बात मानने को कहा। अली खान ने कहा- भारत को काल्पनिक कहानियों का सहारा लेने के बजाय यह स्वीकार करना चाहिए कि भारत के छह लड़ाकू विमानों को मार गिराया गया और दूसरे मिलिट्री ठीकानो को गंभीर नुकसान पहुंचा। दरअसल, अजित डोभाल ने



शुक्रवार को ऑपरेशन सिंदूर पर पहली बार बयान दिया था। उन्होंने कहा- भारत को नुकसान की खबरें चलाईं गईं, लेकिन विदेशी मीडिया कोई भी फोटो या सैटेलाइट इमेज नहीं दिखा पाया। ना यह बता पाया कि नुकसान क्या हुआ। वहीं, खान ने डोभाल के बयान को झूठे और गलत जानकारी से भरे हुए बताया। अली खान ने कहा- ये बयान जनता को गुमराह करने के लिए जानबूझकर किया गया प्रयास हैं। इसके अलावा प्रवक्ता ने इसे संयुक्त राष्ट्र चार्टर और अंतरराष्ट्रीय कानून के सिद्धांतों का उल्लंघन बताया। विदेश कार्यालय के प्रवक्ता शफकत अली खान से पहले 23 मई को सेना के प्रवक्ता अहमद चौधरी ने संघर्ष के दौरान भारत के 6 विमान मार गिराने का दावा किया था, जिनमें से 3 राफेल थे। उन्होंने यह दावा ब्रिटिश मीडिया से बात करते हुए किया। अली खान ने कहा, भारत पाकिस्तान में आतंकवाद को बढ़ावा दे रहा है, उनका मकसद साफ है, और अंतर्राष्ट्रीय समुदाय अब इसके बारे में अधिक जागरूक हो रहा है। उन्होंने आगे कहा, शुरूआत में, भारत द्वारा फैलाया गया आतंकवाद पाकिस्तान को निशाना बना रहा था, लेकिन हाल के दिनों में यह वैश्विक हो गया है। अगर भारत के इस दुर्भावनापूर्ण रवैये पर लगाम नहीं लगाई गई, तो हम इसके परिणाम देख चुके हैं। अली खान ने भारत पर वैश्विक हत्या अभियान चलाने का आरोप लगाया, जिसमें कनाडा, अमेरिका और अन्य देशों में लोगों को निशाना बनाया गया।

शुक्रवार को आईआईटी मद्रास के 62वें दीक्षांत समारोह में डोभाल बोले, 'टेक्नोलॉजी और वॉरफेयर के बीच संबंध हमेशा महत्वपूर्ण होता है। हमें ऑपरेशन सिंदूर पर नाज है। हमें गर्व है कि इस दौरान हमने स्वदेशी तकनीक इस्तेमाल की।

# बांग्लादेश में हिंदू समर्थक अर्थशास्त्री अबुल बरकत गिरफ्तार

## भ्रष्टाचार का आरोप; कहा था- देश में 2046 तक हिंदू नहीं बचेंगे

एजेंसी

ढाका, बांग्लादेश में मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में शुक्रवार को जेल भेज दिया गया। ढाका ट्रिब्यून के मुताबिक 20 से ज्यादा पुलिसकर्मियों ने गुरुवार देर रात बरकत के घर पर छापा मारा था। इसके बाद उन्हें हिरासत में ले लिया गया। बरकत चार दशकों तक ढाका विश्वविद्यालय में पढ़ा चुके हैं। उन्हें 2009 में पीएम शेख हसीना के शासनकाल में जनता बैंक का अध्यक्ष बनाया गया था। वे हिंदू अल्पसंख्यकों की वकालत के लिए भी जाने जाते हैं। बरकत ने कट्टरपंथी इस्लामी विचारधाराओं, विशेषकर जमात-ए-इस्लामी जैसी ताकतों की खुलकर आलोचना की है। बरकत ने साल 2016 में चेतावनी दी थी कि अगर अल्पसंख्यकों पर हमले और उनकी संपत्तियों पर अवैध कब्जा जारी रहा, तो आने वाले 30 वर्षों में बांग्लादेश में एक भी हिंदू नहीं बचेगा। उनका यह बयान बांग्लादेश में काफी चर्चित हुआ था और कुछ हलकों में विवादित भी था। अबुल बरकत पर आरोप है कि उन्होंने अपने कार्यकाल में रेडीमेड गारमेंट कंपनी एनॉनटेक्स ग्रुप को गलत तरीके से कर्ज दिलवाने में मदद की और जनता बैंक से जुड़े 2.97 अरब टका (लगभग 225 करोड़ रुपए) का गबन किया। बांग्लादेश के भ्रष्टाचार निरोधक आयोग (एसीसी) ने इस मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज किया था। जांच एजेंसी का आरोप है कि बरकत ने फर्जी दस्तावेज बनाए,



काल्पनिक इमारतों और फैक्ट्रियों के नाम पर लोन पास करवाए और खरीदी गई जमीन की कीमत जानबूझकर बहुत अधिक दर्शाई ताकि ज्यादा लोन मिल सके। इस मामले में अबुल बरकत समेत कुल 23 लोगों को आरोपी बनाया गया है, जिनमें बांग्लादेश बैंक के पूर्व गवर्नर अतीउर रहमान का नाम भी शामिल है। शुक्रवार को कोर्ट में पेशी के दौरान एसीसी ने तीन दिन की रिमांड की मांग की, जबकि बचाव पक्ष ने जमानत की याचिका दाखिल की। अदालत ने फिलहाल दोनों याचिकाओं पर कोई फैसला नहीं सुनाया और तब तक के लिए बरकत को जेल भेजने का आदेश दिया। बरकत की बेटी अरुणी बरकत ने मीडिया से बातचीत में बताया कि रात में 20-25 लोग, जो खुद को पुलिसकर्मी बता रहे थे, उनके पिता के बेडरूम में घुसकर बिना गिरफ्तारी वारंट दिखाए उन्हें ले गए। परिवार को उनके खिलाफ दर्ज मामले की कोई पूर्व जानकारी नहीं थी और उन्हें यह भी नहीं बताया गया कि उन्हें क्यों हिरासत में लिया गया है। अरुणी ने कहा कि उनके पिता ने 40 साल तक ढाका विश्वविद्यालय में पढ़ाया। हमेशा समाज के कमजोर वर्गों के लिए काम किया। अब उन्हें बिना जांच के गिरफ्तार किया जाना गलत है। अबुल बरकत को जापान ने साल 2022 में ऑर्डर ऑफ द राइजिंग सन जैसे अंतरराष्ट्रीय सम्मान से नवाजा था। बरकत ने साल 2016 में पॉलिटिकल इकोनॉमी ऑफ रिफॉर्मिंग एग्रीक्लचर लैंड-वाटर बॉडीज इन बांग्लादेश लिखी थी। इस किताब में उन्होंने दावा किया था कि 1964 से 2013 के बीच बांग्लादेश से 1.13 करोड़ हिंदू धार्मिक उत्पीड़न की वजह से देश छोड़कर चले गए हैं। बरकत के मुताबिक साल 2016 में हर दिन 632 हिंदू, यानी कि हर साल 2,30,612 हिंदू देश छोड़ रहे थे। उन्होंने इसी आधार पर चेतावनी दी थी कि अगर ऐसा चलता रहा तो 2046 तक बांग्लादेश में कोई हिन्दू नहीं बचेगा। बरकत ने अपनी किताब में यह भी बताया कि सरकार ने शत्रु संपत्ति घोषित कर 60% हिंदुओं की जमीनें छीन ली हैं।

# एप्स्टीन सेक्स स्कैंडल की फाइल्स पर ट्रम्प प्रशासन में विवाद

## एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो इस्तीफा दे सकते हैं

एजेंसी

वॉशिंगटन डीसी, अमेरिका की खुफिया एजेंसी एफबीआई के डिप्टी डायरेक्टर डैन बॉनजीनो अपने पद से इस्तीफा दे सकते हैं। सीएनएन के मुताबिक उन्होंने इस पर विचार भी शुरू कर दिया है। इसके पीछे जेफरी एपस्टीन केस से जुड़ी फाइलों के खुलासे पर व्हाइट हाउस, एफबीआई और अमेरिका के न्याय विभाग (डीओजे) के बीच चल रहा विवाद बड़ी वजह माना जा रहा है। बॉनजीनो और अटॉर्नी जनरल



पाम बॉन्डी के बीच इस सप्ताह एक तेज बहस के बाद स्थिति और अधिक खराब हो गई है। बुधवार को एफबीआई डायरेक्टर काश पटेल, बॉनजीनो, बॉन्डी और ट्रम्प की चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स की बैठक हुई। रिपोर्ट के मुताबिक इस बैठक में यह विवाद खुलकर सामने आया। बुधवार को हुई बैठक में यह सवाल किया गया कि क्या एफबीआई की तरफ से एक मीडिया रिपोर्ट लीक की गई थी जिसमें दावा किया गया कि एजेंसी और अधिक जानकारी सार्वजनिक करना चाहती थी, लेकिन जस्टिस डिपार्टमेंट ने रोक दिया। हालांकि, बॉनजीनो ने इस रिपोर्ट को लीक करने से इनकार किया, लेकिन उन्होंने उस रिपोर्ट के समर्थन में दिए गए बयान पर हस्ताक्षर भी नहीं किए। बॉनजीनो और काश पटेल महीनों से बॉन्डी से नाराज थे। बॉन्डी ने एक इंटरव्यू में कहा था कि एफबीआई अभी भी मामले की समीक्षा कर रही है, जबकि वह जांच पहले ही न्याय विभाग को सौंप दी गई थी। इस लेकर नाराजगी और बढ़ गई। बॉनजीनो की नाराजगी का एक और कारण 10 घंटे का एक निगरानी वीडियो है। वीडियो में 1 मिनट की क्लिप गायब थी, जिससे साजिश की अटकलें फैल गईं।

इसके लिए बॉनजीनो को जिम्मेदार ठहराया गया। टेस्ला के सीईओ मस्क ने 5 जून को सनसनीखेज दावा करते हुए कहा था कि डोनाल्ड ट्रम्प का नाम जेफरी एपस्टीन की फाइलों में शामिल है। मस्क ने एक्स पर लिखा था

# राहुल गांधी पर भड़के धर्मेंद्र प्रधान, ओडिशा की संस्कृति के अपमान का लगाया आरोप, माफी की मांग




एजेंसी

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने शनिवार को कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओडिशा पर की गई हालिया टिप्पणी की आलोचना की और उन पर अपनी यात्रा के दौरान राज्य की संस्कृति और परंपराओं का अपमान करने का आरोप लगाया। प्रधान ने कहा कि नए आरोप लगाने के बजाय, गांधी को ओडिशा के लोगों से कांग्रेस पार्टी द्वारा अतीत में किए गए अपमान के लिए माफी मांगनी चाहिए थी। उन्होंने कांग्रेस सांसद पर भगवान जगन्नाथ के सम्मान में चढ़ाए जाने वाले पारंपरिक वस्त्र, पवित्र 'खंडुआ पाटा' का अनादर करने का भी आरोप लगाया। पत्रकारों से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी इतने ज्ञानी नहीं हैं। वह वही बोलते हैं जो उनकी टीम उनके लिए लिखती है। मुझे अच्छा लगता अगर उन्होंने ओडिशा के लोगों से माफी मांगी होती, क्योंकि उनकी पार्टी ने हमें इतना अपमानित किया है। वह इतने लंबे समय के बाद ओडिशा आए थे, उन्हें वास्तव में उड़िया लोगों से माफी मांगनी चाहिए थी। इसके बजाय, उन्होंने अपने अहंकार का एक और उदाहरण दिया। जो भी ओडिशा आता है, उसे महाप्रभु

**पत्रकारों से बात करते हुए प्रधान ने कहा कि राहुल गांधी इतने ज्ञानी नहीं हैं। वह वही बोलते हैं जो उनकी टीम उनके लिए लिखती है। मुझे अच्छा लगता अगर उन्होंने ओडिशा के लोगों से माफी मांगी होती, क्योंकि उनकी पार्टी ने हमें इतना अपमानित किया है।**

जगन्नाथ के आशीर्वाद के रूप में 'खंडुआ पाटा' चढ़ाया जाता है। जब राहुल गांधी ने 'खंडुआ पाटा' हटाकर अलग रख दिया, तो इससे पता चलता है कि उन्हें हमारी संस्कृति और परंपराओं के बारे में जरा भी ज्ञान और सम्मान नहीं है। ये सिर्फ.नाटकबाजी है। शुक्रवार को, राहुल गांधी ने ओडिशा सरकार पर गरीबों का पैसा लूटने का आरोप लगाया था और आरोप लगाया था कि उद्योगपति गौतम अडानी राज्य चला रहे हैं। उन्होंने यह भी दावा किया कि अडानी और उनके परिवार के लिए भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा रोक दी गई। इस बीच, धर्मेंद्र प्रधान भुवनेश्वर के आरडी विश्वविद्यालय में प्रख्यात लेखिका विद्युतप्रभा देवी के जन्म शताब्दी समारोह में शामिल हुए। इस कार्यक्रम में ओडिशा के उच्च शिक्षा मंत्री सूर्यवंशी सूरज और भाजपा के वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

# दिल्ली के वेलकम इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग गिरी, 6 की मौत

## कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला गया

**रेस्क्यू ऑपरेशन जारी**

**मौके पर दिल्ली पुलिस, फायर ब्रिगेड और एनडीआरएफ की टीम राहत और बचाव कार्य में जुटी हुई है. एनडीआरएफ की टीमें विशेष उपकरणों से मलबा हटाकर फंसे लोगों को निकालने की कोशिश कर रही हैं. रेस्क्यू टीम अपना काम कर रही है. अभी फिलहाल 9 लोग निकल गए हैं. जिसमें से 6 लोग जग प्रवेश हॉस्पिटल एक 14 महीने का बच्चा जीटीबी अस्पताल में इलाज किया जा रहा है.**

एजेंसी

नई दिल्ली: दिल्ली के नॉर्थ ईस्ट डिस्ट्रिक्ट के वेलकम इलाके में शुक्रवार सुबह उस समय हड़कंप मच गया. जब जनता मजदूर कॉलोनी में एक चार मंजिला बिल्डिंग अचानक धराशायी हो गई. बताया जा रहा है कि यह हादसा सुबह करीब 7 बजे हुआ, जब अधिकतर लोग अपने काम पर जाने की तैयारी कर रहे थे. दमकल की 7 गाड़ी मौके पर बचाव कार्य में जुटी. इस हादसे में अबतक छह लोगों की मौत की खबर है. जबकि कई लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है.



अभी कई लोगों के और फंसे होने की संभावना है. जिसके लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है.

### दिल्ली के वेलकम इलाके में चार मंजिला बिल्डिंग गिरी

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बिल्डिंग में करीब 15 लोगों के होने की संभावना थी. हादसे के तुरंत बाद इलाके में अफरातफरी मच गई. स्थानीय लोगों ने बिना देर किए राहत कार्य शुरू कर दिया. अब तक मलबे से तीन लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है, जिन्हें तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है. डॉक्टरों के मुताबिक उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है.

### घायलों को भेजा गया अस्पताल

एडिशनल डीसीपी ईस्ट संदीप लाबा ने कहा कि रेस्क्यू ऑपरेशन सुबह सही चालू है 7:02 की कॉल थी और रेस्क्यू ऑपरेशन चलते-चलते करीबन 3 घंटे हो चुके हैं अभी भी तीन से चार लोगों के बने की आशंका है कुल मिला के साथ लोगों को निकाला जा चुका है जिसमें से 6 लोगों को सरकारी हॉस्पिटल जग प्रवेश में भर्ती कराया गया है और एक बच्चा जो 14 महीने का है उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है जिसको जग प्रवेश हॉस्पिटल से रेफर कर कर गुरु तेग बहादुर अस्पताल भेज दिया गया है.

### काफी पुरानी थी बिल्डिंग

स्थानीय लोगों ने बताया कि यह बिल्डिंग काफी पुरानी थी और कुछ हिस्सों में दरारें भी नजर आती थीं. हादसे के बाद आसपास के लोगों में डर का माहौल है. पुलिस ने इलाके को चारों तरफ से घेर लिया है और लोगों को सुरक्षित दूरी पर रहने की सलाह दी है.

# 23 नक्सलियों का आत्मसमर्पण

**1 करोड़ 18 लाख के इनामी, खूंखार नक्सली हिड़मा के बटालियन नंबर 1 के भी नक्सली शामिल – सरेंडर 8 लाख का इनामी नक्सली लोकेश सुकमा कलेक्टर के अपहरण में भी शामिल था.**

एजेंसी

सुकमाः छत्तीसगढ़ के सुकमा जिले से नक्सल उन्मूलन की दिशा में एक और बड़ी सफलता सामने आई है. जिले में सक्रिय विभिन्न स्तर के कुल 23 नक्सलियों ने औपचारिक रूप से पुलिस और अर्धसैनिक बलों के वरिष्ठ अधिकारियों के समक्ष समाज की मुख्यधारा में लौटने का संकल्प लेते हुए आत्मसमर्पण कर दिया है. इनमें 1 करोड़ 18 लाख रुपये के इनामी नक्सली भी शामिल हैं. आत्मसमर्पण करने वालों में 9 महिला और 14 पुरुष नक्सली शामिल हैं. जिनमें 3 नक्सली दंपत्ति भी हैं. हिड़मा की बटालियन नंबर 1 के भी नक्सलीः सुकमा एसपी किरण चव्हाण ने बताया कि 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है.



11 नक्सली 8 लाख के इनामी हैं, इनमें लोकेश डीवीसीएम हैं और अन्य 8 नक्सली हिड़मा की बटालियन नंबर 1 के हैं. लोकेश कई बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल रहा है. वह साल 2012 के सुकमा कलेक्टर के अपहरण केस में भी शामिल था. पुलिस अधिकारी ने कहा कि बड़ी संख्या में नक्सलियों का सरेंडर ये बताता है कि हिड़मा की बटालियन लगातार कमजोर हो रही है और बटालियन नंबर 1 के नक्सली लगातार भाग रहे हैं. कौन है लोकेशः लोकेश उर्फ पोडियामी भीमा, दक्षिण सब जोनल ब्यूरो सप्लाई टीम कमाण्डर/ है. वह 8 लाख का इनामी है. वह सुकमा जिले के गोलापल्ली थाना के पोलमपल्ली का निवासी है.

# कोचिंग सेंटर अब बन गए हैं पोचिंग सेंटर : उपराष्ट्रपति धनखड़

## उपराष्ट्रपति धनखड़ बोले- अपनी शिक्षा को इतना कलंकित नहीं होने दे सकते

**जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए खतरा है, जो हमारा भविष्य हैं। हमें इस दुर्भावना को दूर करना होगा जो बेहद चिंताजनक है।**

एजेंसी

कोटा स्थित कोचिंग उद्योग पर निशाना साधते हुए, उपाध्यक्ष जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं और सीमित दायरे में सिमटी प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। राजस्थान के कोटा स्थित भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के चौथे दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए, धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटरों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। यह हमारे युवाओं, जो हमारा भविष्य हैं, के लिए खतरा है। हमें इस चिंताजनक कुरूपता का समाधान करना होगा। हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित नहीं होने दे



सकते। जगदीप धनखड़ ने कहा कि कोचिंग सेंटर पोचिंग सेंटर बन गए हैं। ये प्रतिभाओं के लिए ब्लैक होल बन गए हैं। कोचिंग सेंटर कुकुरमुत्ते की तरह उग रहे हैं। यह हमारे युवाओं के लिए खतरा है, जो हमारा भविष्य हैं। हमें इस दुर्भावना को दूर करना होगा जो बेहद चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि हम अपनी शिक्षा को इतना कलंकित और कलंकित नहीं होने दे सकते। अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों में पैसा बहाया जाता है। यह पैसे का इष्टतम उपयोग नहीं है, और ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन ये हमारी सभ्यतागत प्रकृति के लिए आँखों में खटकते हैं। शिक्षा को असेंबली लाइन की तरह मानने के विचार का विरोध करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि इस असेंबली लाइन संस्कृति को रोका जाना चाहिए तथा उन्होंने इसे शिक्षा के भविष्य के लिए खतरनाक बताया। उन्होंने कहा कि अखबारों में होर्डिंग और विज्ञापनों पर पैसा बहाया जाता है। यह पैसा उन लोगों से आता है जो या तो कर्ज.लेते हैं या अपने भविष्य को बेहतर बनाने के लिए कड़ी मेहनत से बचत करते हैं। यह धन का इष्टतम उपयोग नहीं है। ये विज्ञापन आकर्षक तो हैं, लेकिन हमारी सभ्यतागत मान्यताओं के लिए आँखों में धूल झोंकते हैं। अंकों के प्रति जुनून पर बोलते हुए, धनखड़ ने कहा कि उत्तम ग्रेड और मानकीकृत अंकों की चाहत ने जिज्ञासा को कमजोर कर दिया है, जो मानव बुद्धि का एक अभिन्न अंग है।

## संक्षेप

### ताइक्वांडो कलर बेल्ट परीक्षा

**50 बच्चों ने दिया परीक्षा, नगर पालिका अध्यक्ष ने विजेताओं को दिया सम्मान और बेल्ट**

सुलतानपुर, अमीना ताइक्वांडो अकादमी में 50 बच्चों ने कलर बेल्ट परीक्षा में हिस्सा लिया। नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल ने विजेता बच्चों को सर्टिफिकेट और बेल्ट प्रदान किए। रेड वन बेल्ट श्रेणी में अनुकल्प सिंह यादव प्रथम, अलकाब खान द्वितीय और मेधा त्रिपाठी तृतीय स्थान पर रहे। ओजस त्रिपाठी ने चौथा स्थान प्राप्त किया। ब्लू बेल्ट श्रेणी में यथार्थ बौद्ध रत्न ने प्रथम स्थान हासिल किया। ग्रीन वन बेल्ट श्रेणी में प्रज्वल यादव ने शीर्ष स्थान प्राप्त किया। ग्रीन बेल्ट श्रेणी में अनन्या सिंह प्रथम, कुशाग्र राव द्वितीय और हंन्जला व अर्थव तृतीय स्थान पर रहे। येलो बेल्ट श्रेणी में रायमित प्रथम, अकक्ष यादव द्वितीय और आँचल तृतीय स्थान पर रहे। मान्यता माही, अनुज और अनन्या रॉय ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रशिक्षकों ने कहा कि ताइक्वांडो आत्मरक्षा के साथ-साथ आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करने में मदद करता है।

### बिजली समस्या पर नारेबाजी पर फंसे ऊर्जा मंत्री

**शेयर किया व्यापार मंडल अध्यक्ष का वीडियो, विपक्ष के आरोपों का दिया जवाब**

सुलतानपुर, सूरापुर में बिजली समस्या को लेकर एक नया विवाद सामने आया है। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा की यात्रा के दौरान धार्मिक नारों को लेकर विवाद खड़ा हो गया। सूरापुर व्यापार मंडल अध्यक्ष वीके अग्रहरि ने कहा विपक्ष इसे मुद्दा बना रहा है कि जयश्रीराम का नारा लगाकर चले गए। बाबा बजरंगबली का नारा लगाकर चले गए। वास्तव में सत्यता यह है कि मंत्री ने हमारी बात को सुना, ज्ञापन को लिया। यह ठीक है उन्होंने बहुत विस्तार से कुछ नहीं कहा ज्ञापन को पाने के बाद कहा ठीक है। इस मुद्दे को डायवर्ट करके जो वीडियो बना है उसमें हाईलाइट किया जा रहा है जयश्रीराम जय बजरंगबली। वास्तव में यह पूरी सत्यता नहीं है। क्योंकि मैं वहां था जब सब भक्त नारे लगा रहे हैं और मंत्री को बिजेथुआ धाम के चौराहे पर सम्मानित किया जा रहा होसब नारे लगा रहे और मंत्री ने नारा लगाकर अच्छा काम किया।

### दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

**सुलतानपुर में बुलेट और 3 लाख की मांग, पति समेत 6 पर केस, दो साल पहवले हुई थी शादी**

सुलतानपुर, एक महिला ने अपने पति और ससुराल वालों पर दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया है। कादीपुर कोतवाली अंतर्गत खण्डौरा निवासी शाफिया खातून का निकाह आजमगढ़ के कोतवाली फूलपुर अंतर्गत मुन्डियार ईदगाह निवासी आमिर के साथ हुआ था। शादी में शाफिया के परिवार ने डेढ़ से दो लाख रुपये के आभूषण और पांच लाख रुपए नकद दिए थे। एक साल तक सब ठीक रहा, लेकिन फिर ससुराल वालों ने दहेज कम होने का ताना मारना शुरू कर दिया।

# हाथ पकड़कर यमुना में कूदे प्रेमी-प्रेमिका

**नदी में जाल डाला, 8केएम में सर्च ऑपरेशन जारी; पानी में उतराता मिला लड़की का बैग**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, नए यमुना पुल से प्रेमी-प्रेमिका ने हाथ पकड़कर नदी में छलांग लगा दी। बाढ़ की वजह से दोनों की बॉडी गहराई में चली गई। जल पुलिस और गोताखोर नदी में करीब 8 से 10 केएम में रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। नदी में जाल भी डाला गया है। मगर अभी दोनों की बॉडी नहीं मिली है। जहां दोनों ने छलांग लगाई, वहां पानी में एक बैग उतराता हुआ मिला है। इस बैग में मिले 10वीं के सर्टिफिकेट से लड़की की पहचान हो सकी है। उसका नाम ज्योति गुप्ता है। वह करछना के बगुरा लकटहा की रहने वाली है। लोग चिल्लाते रहे, लड़की-लड़का कूद गए यमुना पुल पर एक लड़का और लड़की पहुंचे। उन्होंने पुल पर बनी रेलिंग को लांघकर दोनों पैर नदी की तरफ करके रेलिंग पर बैठ गए। उन्हें देख कर लोग चिल्लाने लगे। लोगों ने उन्हें रोकने की भी कोशिश की। कुछ लोग उन्हें पकड़ने के लिए दौड़े। तभी लड़की और लड़का एक-दूसरे का हाथ पकड़कर नदी में कूद गए। जब तक लोग उन तक पहुंच पाते, तब तक वह यमुना नदी की बीच धार में समा गए। नदी के करीब ही जल पुलिस के जवान और गोताखोर मौजूद थे। सूचना मिलते ही मोटर बोट की मदद से सुबह 8 बजे रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने लड़की के पिता राम आसरे गुप्ता को इस घटना की जानकारी दी है। पुलिस पूछताछ में सामने आया है कि ज्योति सिरसा के कन्या इंटर कॉलेज में पढ़ती है। उनके पिता राम आसरे मुंबई में प्राइवेट जॉब करते हैं। छात्रा अपनी नानी के घर खुटरिया पर गर्मी की छुट्टी में घूमने आई थी। यह भी पता चला कि वह बसही गांव में कोचिंग पढ़ती थी। वह अपने कॉलेज जाने के लिए अकेले निकली थी। पुलिस ने परिवार को जानकारी भेज दी है। पिता मुंबई से प्रयागराज आ रहे हैं। पुलिस ने कहा- लव अफेयर का मामला लग रहा कीड़गंज थाने के इंस्पेक्टर संजय कुमार ने बताया कि ये लव अफेयर का मामला लग रहा है। लड़की 11वीं की छात्रा है। लड़के की पहचान नहीं हो सकी है। बाढ़ के कारण नदी उफान पर है। इसलिए बॉडी को ढूंढने में दिक्कत हो रही है। लड़की के परिवार वालों के आने के बाद ही लड़के के बारे में जानकारी मिल सकेगी। प्रयागराज जल पुलिस इंस्पेक्टर रविंद्र नाथ भी मौके पर पहुंचे। उनकी निगरानी में गोताखोरों ने काफी गहराई तक यमुना में उन्हें ढूंढा, लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।

# स्कूल मर्ज करने के विरोध में आंदोलन करेगा सछास

**प्रयागराज में सपा छात्र सभा की मासिक बैठक में लिया गया निर्णय**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, समाजवादी छात्र सभा प्रयागराज इकाई की मासिक बैठक आज शनिवार को समाजवादी पार्टी कार्यालय में हुई।

बैठक की अध्यक्षता समाजवादी छात्र सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अजय यादव 'सम्राट' ने की। इलाहाबाद विश्वविद्यालय सहित संगठित महाविद्यालयों के छात्र सभा पदाधिकारियों ने भाग लिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में आगामी शैक्षिक सत्र के लिए संगठन की रणनीति, विस्तार, और छात्रों के हितों की रक्षा के मुद्दों पर गहन मंथन किया गया। बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा 5000 स्कूलों को मर्ज करने का फैसला छात्रों के भविष्य पर सीधा प्रहार है। समाजवादी छात्र सभा इस जनविरोधी निर्णय के खिलाफ एक संगठित और व्यापक आंदोलन की तैयारी कर रही है, जिसकी रूपरेखा इस बैठक में तय की गई। बैठक में यह संकल्प लिया गया कि समाजवादी छात्र सभा छात्रों की आवाज को हर मंच पर मजबूती से उठाएगी और सामाजिक न्याय, शिक्षा के अधिकार, और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्ष करती रहेगी। कई वरिष्ठ पदाधिकारी गंगापार जिलाध्यक्ष अनिल यादव, जिलाध्यक्ष यमुनापार पप्पू लाल निषाद आदि रहे। इसके अतिरिक्त छात्र सभा के आशुतोष मौर्य, मो. तालिब, शुभम यादव, यश कुशवाहा, शैलेंद्र यादव, प्रीति सिंह, अनिल गौतम, बलजीत सिंह, प्रणव कृष्ण चंद्र, ऋतुराज चौधरी, कोमल सिंह, मनतोश कुशवाहा, नवनीत, अवनीश, धनंजय तिवारी, हिमांशु, अमन, देवेश, शिवराज, मो.समन, अनुज, अमित, राज आदि रहे।

# रामगंज पुलिस चौकी को मिला नया भवन

- एसपी ने किया उद्घाटन, स्थानीय मदद से हुआ चौकी का कायाकल्प

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, भादर ब्लॉक स्थित रामगंज पुलिस चौकी में नवनिर्मित बैरिक और मंदिर भवन का उद्घाटन किया गया। पुलिस अधीक्षक अर्पणा रजत कौशिक ने फीता काटकर भवन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि आधुनिक और सुव्यवस्थित भवन से पुलिसिंग कार्य में सुविधा बढ़ेगी। साथ ही आम जनता को बेहतर सेवाएं मिल सकेंगी। चौकी इंचार्ज संजय सिंह ने स्थानीय लोगों की मदद से चौकी का कायाकल्प कराया है। उन्होंने चौकी में बुनियादी सुविधाओं का भी समावेश किया है। चौकी परिसर में नवनिर्मित हनुमान मंदिर के लिए क्षेत्र के नागरिकों ने चौकी इंचार्ज का आभार जताया। कार्यक्रम में एमएलसी शैलेन्द्र प्रताप सिंह, मुन्ना सिंह त्रिसुंडी ब्लॉक प्रमुख भादर प्रवीण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार मिश्रा मौजूद रहे। इसके अलावा प्रभारी निरीक्षक रामगंज कृष्ण मोहन सिंह, थाना पीपरपुर के प्रभारी निरीक्षक रामराज कुशवाहा, भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष दीपक अग्रहरि, मनीष सिंह, राम सेवक विश्वकर्मा, डॉ. आर.एस. मौर्या और ग्राम प्रधान सहित अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित थे।

# स्टेशन की लिफ्ट में फंसे 2 दोस्तों का मामला

**लखनऊ से जांच करने पहुंचे रेलवे के वरिष्ठ अधिकारी, मेनका गांधी की मदद से निकले थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट में फंसे दो दोस्तों के मामले की जांच शुरू हो गई है। लखनऊ से रेलवे विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मनोज सरोहा शनिवार को जांच के लिए पहुंचे और बयान दर्ज किए। आर्मी हेड क्वार्टर दिल्ली में नायब सूबेदार प्रदीप त्रिपाठी के बेटे आदर्श त्रिपाठी और उनके दोस्त कुशाग्र स्टेशन पर फंस गए। आदर्श अपनी मां और बहनों को तीन नंबर प्लेटफॉर्म पर छोड़कर दोस्त के साथ ट्रेन की जानकारी लेने पहले प्लेटफॉर्म पर गए थे। लिफ्ट अचानक बीच में रुक गई। दोनों युवकों ने गेट खोलने का प्रयास किया, लेकिन सफल नहीं हुए। रेलवे अधिकारियों को किए गए फोन का कोई जवाब नहीं मिला। दोनों की सांस फूलने लगी। मजबूरी में आदर्श ने अपने पिता को दिल्ली फोन किया। पिता ने मेनका गांधी से संपर्क किया प्रदीप त्रिपाठी ने पूर्व सांसद मेनका गांधी के ओएसडी से संपर्क किया। मेनका गांधी ने रात 11 बजे भाजपा नेता शशिकांत पांडेय से मदद मांगी। पांडेय ने रेलवे अधिकारियों को सूचित किया और मौके पर पहुंचे। लॉक तोड़कर दोनों को बाहर निकाला गया। जवानों ने अभद्र व्यवहार किया नायब सूबेदार त्रिपाठी ने बताया कि घटना के समय स्टेशन मास्टर ड्यूटी पर मौजूद नहीं थे। आरपीएफ जवानों ने न केवल मदद करने से मना किया बल्कि बाद में युवकों से अभद्र व्यवहार भी किया। इस घटना के कारण परिवार की ट्रेन छूट गई।

# जमीन हड़पने के लिए बेटे को चाचा का पुत्र बताया

- अमेठी में फर्जी दस्तावेज बनवाने वाला, 57 वर्षीय आरोपी गिरफ्तार

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, पुलिस ने एक बड़े फजीर्वाड़े का खुलासा किया है। जामो थाना पुलिस ने फर्जी दस्तावेज बनवाने के आरोप में 57 वर्षीय रामराज को गिरफ्तार किया है। रामराज ने अपने चाचा पारसनाथ की संपत्ति हड़पने के लिए एक योजना बनाई। आरोपी ने अपने बेटे सर्वेश कुमार को चाचा पारसनाथ का पुत्र बताकर फर्जी दस्तावेज तैयार करवाए। इसमें आधार कार्ड, निवास प्रमाण पत्र और परिवार रजिस्टर में पारसनाथ को पिता के रूप में दर्ज कराया। इन दस्तावेजों का उपयोग कर स्कूल में बच्चे का दाखिला भी करवाया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में की गई। आरोपी रामराज दुनिया सिंह मजरे बरौलिया का निवासी है। उस पर थाना जामो में धारा 318(4), 338, 336(3), 340(2) के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी में निरीक्षक विनोद कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम शामिल रही।

# पड़ोसी को चापड़ से किया घायल

**आरोपी गिरफ्तार, पीड़ित के परिजन भी हुए हमले के शिकार**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी, पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर उसके पास से एक चापड़ बरामद किया है। पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपी अनुरूद्ध सिंह (32) ग्राम टिकरी का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि उसका पड़ोसी विष्णु प्रताप सिंह उर्फ शुभम सिंह उसे लगातार परेशान करता था। इसी कारण 10 जुलाई की रात को उसने विष्णु प्रताप और उसके नाना-नानी पर चापड़ से हमला कर दिया। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने गांव के बाहर बिजली के खंभे के पास से हमले में इस्तेमाल किया गया चापड़ बरामद किया।

अनुरूद्ध सिंह के खिलाफ थाना अमेठी में धारा 115(2), 351(3), 352, 109(1), 118(1) के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी रवि कुमार सिंह के नेतृत्व में उप निरीक्षक विनय कुमार मिश्रा और दो अन्य पुलिसकर्मियों की टीम शामिल रही। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है।

# स्वास्थ्य अधिकारी को दौड़ा-दौड़ाकर पीटा

**सफाई कर्मियों ने थप्पड़ मारे, बचकर भागे तो झाड़ू लगी लाठी से पीटा, वेतन कटौती से नाराज थे**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, सफाई कर्मचारियों ने नगर स्वास्थ्य अधिकारी को जमकर पीटा। पहले थप्पड़- थप्पड़ मारे। वह बचकर भागे तो कर्मचारियों ने दौड़ाकर झाड़ू से हमला कर दिया। जिसके बाद वह गिर गए। अधिकारी ने वहां से भाग कर अपनी जान बचाई। मामले में चार सफाई कर्मियों की सेवा समाप्त कर दी गई है। जबकि सुपरवाइजर समेत चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज कर दिया। सफाई कर्मी मानदेय कटौती से नाराज थे। इन लोगों ने राष्ट्रीय और राज्य मार्ग को जाम कर दिया था। नगर स्वास्थ्य अधिकारी उनको समझाने पहुंचे थे। तभी उनपर हमला हो गया। पूरा मामला आज सुबह अलीगढ़ के सासनी गेट चौराहे का है। सुकमा कंपनी के लगभग 1000 सफाई कर्मचारी आज सुबह सासनीगेट चौराहे पर प्रदर्शन कर रहे थे। उनका आरोप था कि पिछले कई महीनों से लगातार बिना कारण के उनका वेतन काटा जा रहा था। कर्मचारियों के प्रदर्शन की जानकारी मिलने पर नगर निगम के अधिकारी मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान मौके पर पहुंचे नगर स्वास्थ्य अधिकारी मुकेश कुमार की कर्मचारियों से बहस हो गई थी। जिसके बाद उन्होंने धक्का-मुक्की शुरू कर दी थी। कर्मचारियों ने उनके साथ हाथापाई करते हुए थप्पड़ जड़ दिए थे और झाड़ू लगी लाठी लेकर दौड़ा लिया। स्वास्थ्य अधिकारी के साथ मारपीट का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें आरोपी उनके साथ मारपीट करते नजर आ रहे हैं। इसमें आरोपियों ने उनके गाल पर कई थप्पड़ जड़ दिए और पीछे से भी उनके थप्पड़ मारे।

इसके बाद आरोपियों ने उन्हें झाड़ू और लाठी लेकर दौड़ा लिया था। वीडियो में स्वास्थ्य अधिकारी जान बचाकर भागते नजर आ रहे हैं। इसके बाद भी उनपर झाड़ू लगी लाठी से हमला कर दिया जिससे वह गिर गए। किसी तरह से उन्होंने भागकर अपनी जान बचाई। पूरा हंगामा सुबह 6 बजे से 12 बजे तक चलता रहा।

# 12.8 मिमी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त

**कई इलाकों में सड़कें कटीं, नहर का रजबहा टूटा; खेत जलमग्न और यातायात बाधित**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



सुलतानपुर, बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया। पिछले 24 घंटों में 12.8 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। बारिश से शहर के कई वार्डों में जलभराव हो गया। कलेक्ट्रेट समेत कई इमारतों में पानी भर गया। बल्दीराय क्षेत्र में शारदा सहायक खंड नहर का रजबहा टूट गया। इससे हरबंस रैचा और घमंडी गांव के लोगों का आवागमन रुक गया। किसानों की फसलें पानी में डूब गईं। ग्रामीणों को लंबे वैकल्पिक मार्ग से यात्रा करनी पड़ रही है। भदैयां में बालमपुर-कंघईपुर मार्ग पर सौराई गांव के पास सड़क किनारे बड़ा गड्ढा बन गया। पीडब्ल्यूडी विभाग ने मार्ग को बंद कर दिया है। लोगों को सौराई और बसंतपुर होते हुए श्रीपुर चौराहे से कंघईपुर जाना पड़ रहा है। इससे उन्हें 4 किलोमीटर अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ रही है। बल्दीराय के रसूलपुर लक्ष्मीनगर में आंधी से एक विशाल नीम का पेड़ सुल्तानपुर-हलियापुर रोड पर गिर गया। करीब एक घंटे तक रास्ता बाधित रहा। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकतम तापमान 33.5 डिग्री सेल्सियस रहा, जो सामान्य से 0.5 डिग्री कम है। न्यूनतम तापमान 26.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

# मलाला दिवस पर सोनारी गांव में रक्तदान शिविर

**लोगों ने किया स्वैच्छिक रक्तदान, गोमती ब्लड बैंक ने किया रक्त संग्रह**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




अमेठी, सोनारी गांव में महापदमनंद वेलफेयर ऑगेनाईजेशन (एमडब्ल्यूओ) ने मलाला दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया। शिविर में 19 लोगों ने स्वैच्छिक रक्तदान किया। आयोजित इस शिविर में ग्राम प्रधान इंद्रजीत यादव सहित कई गणमान्य लोगों ने भाग लिया। रक्तदान करने वालों में निजामुद्दीन, सुधीर यादव, उजियार सिंह, अरविंद सिंह बबलू और ब्रह्मदीन शर्मा शामिल थे। इसके अलावा अरविंद कुमार यादव, मालती शर्मा, दिनेश चंद्र बब्बू और अनिल कुमार विश्वकर्मा ने भी रक्तदान किया। श्रवण यादव, अमन कुमार, राजू प्रजापति, शिवम यादव, बृजमोहन शर्मा, विकास शर्मा, संदीप कुमार यादव, महेश प्रजापति और शुभम यादव ने भी रक्तदान में भागीदारी की। कार्यक्रम के आयोजक घनश्याम शर्मा ने सभी रक्तदाताओं का स्वागत किया। गोमती ब्लड बैंक की टीम ने रक्त संग्रह का कार्य किया।

# पालतू डॉग को कार में बंद कर दर्शन, हुई मौत

**वृंदावन में 3 घंटे तक बंद रहने से घुटा दम, पशुप्रेमी ने दर्ज कराई एफआईआर**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, वृंदावन में दर्शन करने आए श्रद्धालु की लापरवाही से उनके पालतू डॉग की जान चली गई। गाजियाबाद से दर्शन करने आए श्रद्धालु दंपत्ति पालतू डॉग को गाड़ी में ही बंद कर दर्शन के लिए चले गए थे। श्रद्धालु की लापरवाही से आहत हुए एक युवा पशु प्रेमी ने इस मामले में अज्ञात लोगों के खिलाफ वृंदावन कोतवाली में मुकद्दमा दर्ज कराया है। गाजियाबाद से एक दंपत्ति वृंदावन दर्शन करने आए थे। यह दंपत्ति अपनी गाड़ी को जिला संयुक्त चिकित्सालय के सामने बनी पार्किंग में खड़ी कर दर्शन करने चले गए। इस दौरान इस दंपत्ति ने अपने साथ लाए पालतू लेब्रा डॉग को गाड़ी में ही बंद कर छोड़ दिया। गर्मी और उमस के कारण गाड़ी में बंद लेब्रा डॉग का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई थी। दर्शन के लिए गए और वापस दोपहर 1 बजे के बाद आए। इस बीव 3 घंटे तक गाड़ी में बंद रहने के कारण डॉग का दम घुट गया और उसकी मौत हो गई। हालांकि इस दौरान पार्किंग में मौजूद कर्मचारियों ने गाड़ी का गेट खोलने की कोशिश की, न खुलने पर एक्सपर्ट को बुलाया। इसके बाद किसी तरह गेट खोले और डॉग को बाहर निकाला। इस दौरान कर्मचारियों ने उसे बचाने को पानी भी डाला। लेकिन उसकी जान नहीं बच सकी।

स्वामी, प्रकाशक , मुद्रक अरविंद कुमार शर्मा द्वारा एफ एल टी ,एलजी 75 आर एम 4/4 इंदिरा नगर, सुंदर बाग,कुर्ला (प)मुंबई 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं AIS PRINTING SOLUTION प्लांट नं० -A-544 TTC इंडस्ट्रियल एरिया एम आई डीसी माहपे नवी मुंबई ,ठाणे 400709 से मुद्रित। संपादक - अरविंद कुमार शर्मा

EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 8097049935,9935750291RNI No-MAHHIN2017/74173

संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001

संरक्षक- डॉ राम किशोर शर्मा पूर्व विभागाध्यक्ष (हिन्दी) इलाहाबाद विश्व विद्यालय, विशेष संवाददाता- आशीष कुमार शर्मा सह, सम्पादक- माता प्रसाद शर्मा, फिल्म- संपादक-जगन्नाथ तिवारी